# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


**भारत की मर्सिडीज से तुलना पर राजनाथ का तंज**

## 'पाक की स्थिति डंपर वाली आर्मी चीफ मुनीर ने भी माना'



**नई दिल्ली।** भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर के हालिया बयान पर तंज कसा है। मुनीर अपने बयान के कारण पाकिस्तान में और दुनिया भर में ट्रोल हो रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर दो देश एक साथ आजाद हुए, और एक ने कड़ी मेहनत, सही नीतियों और दूरदृष्टि से फेरारी जैसी अर्थव्यवस्था बनाई, जबकि दूसरा अभी भी डंपर की स्थिति में है, तो यह पाकिस्तान की अपनी नाकामी है। राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि वह आसिम मुनीर के इस बयान को एक कन्फेशन के रूप में देखते हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख ने जाने-अनजाने में एक ऐसी 'कबीलाई और लुटेरी मानसिकता' की तरफ इशारा किया है, जिसका शिकार पाकिस्तान अपने जन्म से रहा है।

### भारत की समृद्धि और रक्षा क्षमता

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, 'हमें यह तय करना होगा कि भारत की समृद्धि, हमारी संस्कृति और हमारी आर्थिक संपन्नता के साथ-साथ, हमारी रक्षा क्षमता और अपने राष्ट्रीय सम्मान के लिए लड़ने की भावना भी उतनी ही सशक्त बनी रहे। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के चलते पाकिस्तान के मन में यह भ्रम नहीं होना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे राष्ट्र में वह फाइटिंग स्पिरिट भी जिंदा रहे।

## पंजाब से आ रहा ड्रग्स, रायपुर में 57 लाख का हेरोइन चिट्टा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कबीर नगर पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच की टीम ने पंजाब से ड्रग्स मंगाकर खपाने वाले डिस्ट्रीब्यूटर सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में दो युवतियां शामिल हैं। इसी तरह कोतवाली थाना क्षेत्र में ड्रग्स तस्करी के एक पुराने मामले में एक अन्य आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए तस्करों के कब्जे से ▶▶| शेष पेज 6 पर

### पाक कनेक्शन भी आ रहा सामने



### रैकेट तोड़ने स्पेशल टीम गठित

राजधानी में एक माह के भीतर डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत का ड्रग पकड़े जाने की घटना को पुलिस ने गंभीरता से लिया है। आईजी अमरेश मिश्रा के निर्देश पर एसएसपी ने ड्रग तस्करी करने वाले रैकेट के जाल को तोड़ने ▶▶| शेष पेज 6 पर

### डेढ़ माह पूर्व हुई है शादी

पुलिस के अनुसार मनमोहन की जसप्रीत के साथ डेढ़ माह पूर्व ही शादी हुई है। शादी करने के बाद से मनमोहन ने अपनी पत्नी तथा अपने महिला मित्र को ड्रग रैकेट में शामिल कर लिया। नितिन, मनमोहन का पूर्व परिचित है। मनमोहन के कहने पर नितिन जहां काम करता था, वहां की नौकरी छोड़ मनमोहन के साथ जुड़ गया। दिव्या ▶▶| शेष पेज 6 पर

## 1.10 करोड़ की अवैध शराब पर चला बुलडोजर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के 13 थाना क्षेत्र से जब्त किया गया 30 हजार लीटर से अधिक अवैध देशी व विदेशी मदिरा का शुक्रवार को कलेक्टर द्वारा गठित जिला स्तरीय मदिरा नष्टीकरण समिति द्वारा बुलडोजर चलाकर नष्ट किया गया। छग राज्य गठन के बाद जिले में शराब नष्टीकरण की यह पहली कार्रवाई है, जब एक करोड़ रुपए से अधिक की जब्त शराब को नष्ट करते हुए गहरा गड्ढा खोदकर पाट दिया गया। ▶▶| शेष पेज 6 पर

### छग के अलावा मप्र और ओडिशा की शराब

*अवैध शराब के खिलाफ एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली, बोधघाट, परपा, बस्तर, लोहण्डीगुड़ा, बड़ांजी, कोडेंनार,* ▶▶| शेष पेज 6 पर






**खबर संक्षेप**

### लॉर्ड स्वराज ने दुनिया को कहा अलविदा

**नई दिल्ली।** जालंधर की गलियों से ब्रिटेन तक का सफर तय करने वाले लॉर्ड स्वराज पॉल ने दुनिया को अलविदा कह दिया। उन्होंने 21 अगस्त की शाम को अंतिम सांस ली। वह 94 वर्ष के थे। ब्रिटेन स्थित कपारो उद्योग समूह के संस्थापक लॉर्ड पॉल हाल ही में बीमार पड़ गए थे जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्यारे लाल के घर में 18 फरवरी, 1931 को जन्मे लॉर्ड पॉल अपने जीवन के शुरुआती दिनों में ही व्यवसाय से परिचित थे।

## नसबंदी के बाद छोड़े जाएंगे आवारा कुत्ते, सड़कों पर खाना खिलाना बैन

**सुप्रीम कोर्ट ने दी राहत दिल्ली-समेत देशभर में लागू होगा आदेश**

*सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों को लेकर शुक्रवार को बड़ा फैसला दिया है। कोर्ट ने कहा है कि शेल्टर होम भेजे गए कुत्ते छोड़े जाएंगे। नसबंदी के बाद कुत्तों को छोड़ा जाएगा। सिर्फ बीमार और आक्रामक कुत्तों को ही शेल्टर होम में रखा जाएगा। इसके साथ ही सार्वजनिक जगहों पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाने पर सख्त मनाही होगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर समेत यह फैसला पूरे देश में लागू होगा।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में आवारा कुत्तों को आश्रय स्थलों से छोड़ने पर रोक संबंधी अपने निर्देश को "बहुत कठोर" बताते हुए शुक्रवार को इसमें संशोधन किया। शीर्ष अदालत ने आदेश दिया कि पकड़े गए आवारा कुत्तों को नसबंदी और कृमिहरण के बाद वापस उन्हीं क्षेत्रों में छोड़ दिया जाए, जहां से उन्हें उठाया गया था।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ ने आवारा कुत्तों से जुड़े मामले का दायरा दिल्ली-एनसीआर से आगे बढ़ाते हुए सभी राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को इसमें पक्षकार बनाने का निर्देश दिया। इस पीठ में न्यायमूर्ति नाथ ▶▶| शेष पेज 6 पर

### कुत्तों को पकड़ने से रोका तो 6 माह की जेल, जुर्माना भी



#### डॉग लवर्स जमा करें 25 हजार, एनजीओ दो लाख

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आवारा कुत्तों के मामले में कोर्ट से संपर्क करने वाले व्यक्तिगत कुत्ता प्रेमियों को 25 हजार रुपए और गैर सरकारी संगठनों को 2 लाख रुपए न्यायालय रजिस्ट्री में जमा कराने होंगे। ये राशि सात दिनों के अंदर जमा करनी होगी।

#### दिल्ली से देश तक, सभी राज्यों को जोड़ा गया

यह मामला अब सिर्फ दिल्ली-एनसीआर तक सीमित नहीं रहा। कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस केस में पक्षकार बनाया है। अब यह एक राष्ट्रीय मुद्दा है। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया कि वह इस मामले पर सुनवाई के बाद एक राष्ट्रीय नीति बनाएगा।

#### पशु प्रेमियों ने मनाया जश्न

दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों को अन्यत्र ले जाए जाने के संबंध में सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपने पूर्व के निर्देश में संशोधन करने के बाद शुक्रवार को पशु प्रेमियों ने जंतर-मंतर पर जश्न मनाया। तीन न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि स्वस्थ आवारा कुत्तों का बंध्याकरण किया जाना चाहिए, उनका टीकाकरण किया जाना चाहिए।

#### फैसले की अहम बातें

- पहले टीका, फिर होगी कुत्तों की रिहाई और जिन कुत्तों का व्यवहार आक्रामक है या जो रेबीज से पीड़ित हैं, उन्हें सड़कों पर नहीं छोड़ा जाएगा।
- कुत्तों के लिए खास फीडिंग स्पॉट बनाए जाएं। कोर्ट का कहना है कि सड़क पर खाना खिलाने से कई बार हादसे हो जाते हैं।
- एमसीडी को उल्लंघन की शिकायतों के लिए एक हेल्पलाइन नंबर शुरू करने का आदेश दिया गया है।
- अगर कोई पशु प्रेमी या अन्य व्यक्ति आवारा कुत्ता पकड़ने के काम में लोक सेवक को बाधित करता है, तो जुर्माना लगेगा।

**पूर्व उपराष्ट्रपति की नई दिनचर्या**

## धनखड़ टेबल टेनिस खेलकर योग करके बिता रहे समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पिछले महीने उपराष्ट्रपति पद से अचानक इस्तीफा देने वाले जगदीप धनखड़ अपने परिवार के साथ समय बिताने के साथ ही नियमित रूप से योगाभ्यास कर रहे हैं और टेबल टेनिस खेल रहे हैं। अगस्त 2022 में उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने से पहले धनखड़ जब पश्चिम बंगाल के राज्यपाल थे, तब उन्होंने शौकिया टेबल टेनिस खेलना शुरू किया था। धनखड़ की दिनचर्या से वाकिफ लोगों ने बताया कि वह नियमित रूप से योग अभ्यास करते हैं और उपराष्ट्रपति एनक्लेव में अपने शुभचिंतकों व स्टाफ सदस्यों के साथ टेबल टेनिस खेलते हैं। पूर्व उपराष्ट्रपति की दिनचर्या से अवगत एक व्यक्ति ने बताया, यहां तक कि यात्रा से लौटने के बाद भी वह अपने स्टाफ सदस्यों के साथ टेबल ▶▶| शेष पेज 6 पर



### नए उपराष्ट्रपति के लिए मैदान में राधाकृष्णन और रेड्डी

केंद्र में सत्तारूढ़ एनडीए ने महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया है, जबकि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी को उनके खिलाफ मैदान में उतारा है। उपराष्ट्रपति के रूप में धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 को समाप्त होना था।









लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी
बी एस सी नर्सिंग [60 Seats]
डिप्लोमा इन फार्मेसी [60 Seats]
महाविद्यालय परिसर : ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, जामगांव रोड, जिला -दुर्ग
9131880895, 8319870997
6, इंस्टीट्यूशनल एरिया, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर
83700 77700, 7024125200

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय बुनकर अधिवेशन का केंद्रीय मंत्री गिरिराज करेंगे उद्घाटन

**रायपुर।** सहकारिता के माध्यम से बुनकर समाज को नई दिशा देने और उन्हें संगठित करने के उद्देश्य से सहकार भारती द्वारा दो दिवसीय प्रथम राष्ट्रीय बुनकर अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। यह अधिवेशन राजधानी रायपुर के जैनम मानस भवन में 23 अगस्त को सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री द्वय अरूण साव एवं विजय शर्मा तथा मंत्री रामविचार नेताम, लखनलाल देवांगन शामिल होंगे। विशेष अतिथि के रूप में सहकारिता मंत्री केदार कश्यप कार्यक्रम में शामिल होंगे। साथ ही महापौर मीनल चौबे भी उपस्थित रहेंगी। अधिवेशन का मार्गदर्शन सहकार भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदय जोशी और राष्ट्रीय महामंत्री दीपक कुमार चौरसिया और राष्ट्रीय संगठन मंत्री संजय पाचपोर करेंगे।

### कांग्रेस बोली- भाजपा सरकार गली, मोहल्लों में शराब बिकवा रही

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा की सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ अवैध शराब का केंद्र बन चुका है। पान ठेलों, किराना दुकानों में शराब बिक रही है। साय सरकार गली, मोहल्लों में शराब बिकवा रही, अवैध होलोग्राम लगा कर प्रदेशभर के शराब दुकानों में शराब बेची जा रही, राजधानी में तो एक किराना दुकान में शराब बेची जा रही है। कमोबेश पूरे प्रदेश में यही हालात हैं। विपक्ष में रहकर पूर्ण शराबबंदी की बात करने वाले शराब की काली कमाई में लगे हैं। श्री शुक्ला ने कहा, साय सरकार द्वारा लगातार शराबखोरी को संरक्षण देने वाले निर्णयों से प्रमाणित है कि भाजपा का शराबबंदी के लिए प्रदर्शन केवल राजनैतिक पाखंड था। साय सरकार का शराब प्रेम मनपसंद ऐप और 67 नई शराब दुकान खोल दी गई, 700 से अधिक शराब दुकानों को कंपोजिट होने से देशी-अंग्रेजी मिलाकर दोगुनी शराब दुकान हो गई है। भाजपा नेताओं का फोकस केवल कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार में है और इसके लिए प्रदेश की नशे में डुबोने का षड्यंत्र रचा है।

### सांसद संतोष पांडेय बोले- राष्ट्रहित में कांग्रेस की गंभीरता शून्य

**रायपुर।** भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पांडेय ने कहा, राष्ट्र निर्माण में संसद के भीतर हुई चर्चा हमेशा महत्वपूर्ण होती है, लेकिन कांग्रेस हमेशा अपनी स्वार्थ सिद्धी के लिए ही सदन में चर्चा में शामिल नहीं होती। राष्ट्रहित में कांग्रेस की गंभीरता शून्य है। यह लोकतंत्र के लिए सही नहीं है। हम जब प्रतिपक्ष में थे, सार्थक चर्चाओं से सदन की गरिमा को और मजबूत बनाकर राष्ट्र हित में अपनी महती भूमिका निभाते रहे। कांग्रेस सदन में गंभीर चर्चाओं में हिस्सा लेने के बजाय अपने कथित प्रयासों से देश को भ्रमित करने का काम करती है, जिसे देश की जनता भलिभांति समझती है। श्री पांडेय ने कहा, संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होकर 21 अगस्त तक चला। इस दौरान कुल 21 बैठकें हुईं। सत्र में 14 विधेयक लोकसभा में पेश किए गए, एक विधेयक वापस लिया गया और 12 विधेयक लोकसभा पारित हुए। इस दौरान विपक्ष ने सदन चलने नहीं दिया। बार-बार के व्यवधानों के चलते सदन का सत्र प्रभावित रहा। जिसमें 130 घंटे के कुल समय में से केवल 37 घंटे ही कार्यवाही हो पाई। श्री पांडेय ने कहा, लोकसभा में मानसूत्र के दौरान कई अहम विधेयक पारित किए गए, जिनमें आयकर (संशोधन) विधेयक 2025, राष्ट्रीय खेल संचालन विधेयक 2025, ऑनलाइन गेमिंग (प्रोत्साहन और विनियमन) विधेयक 2025, सहित कुल 12 विधेयक को संयुक्त समिति को सौंपा गया। उन्होंने कहा, यह सभी विधेयक राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण साबित होंगे।

# जापान पहुंचकर साय सबसे पहले पहुंचे ऐतिहासिक असाकुसा मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर





छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जापान पहुंचने के बाद सबसे पहले जापान की राजधानी टोक्यो में स्थित ऐतिहासिक असाकुसा मंदिर के दर्शन किए। टोक्यो का यह सबसे प्राचीन और प्रतिष्ठित मंदिर शांति और सामर्थ्य का प्रतीक माना जाता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता की खुशहाली, समृद्धि और निरंतर प्रगति की कामना की। उन्होंने कहा कि यह मंदिर मानवता को शांति और शक्ति का संदेश देता है और यही भाव छत्तीसगढ़ की जनता की आकांक्षाओं में भी झलकता है। उल्लेखनीय है कि भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ), भारत सरकार के आमंत्रण पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल जापान और दक्षिण कोरिया के दौरे पर है। इस ग्लोबल आउटरीच मिशन का उद्देश्य छत्तीसगढ़ को वैश्विक निवेश मानचित्र पर स्थापित करना और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के नए अवसरों को तलाशना है।

# रायगढ़ में मूसलाधार बारिश, नदी नाले उफान पर, केलो डैम के 4 गेट खोले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में गुरुवार की शाम से लगातार बारिश हो रही है। लगातार हो रही बारिश ने आम जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। तेज और मध्यम बारिश के चलते केलो डैम का जलस्तर तेजी से बढ़ने पर शुक्रवार सुबह एहतियातन इसके चार गेट खोल दिए गए। डैम से छोड़े गए पानी से केलो नदी का जलस्तर भी बढ़ गया है, जिससे निचले क्षेत्रों में पानी घुसने का खतरा बढ़ गया है।



रायगढ़ में गुरुवार की शाम करीब साढ़े 5 बजे मूसलाधार बारिश शुरू हुई थी। करीब डेढ़ घंटे तक मूसलाधार बारिश के बाद फिर रुक.रुक कर रात भर बारिश होती रहीए वहीं दूसरे दिन शुक्रवार को भी दिनभर मूसलाधार बारिश का दौर चलता रहा।

## अनुकंपा नियुक्ति की मांग को लेकर महिलाएं दो दिनों से प्रदर्शन कर रही थीं

# गृहमंत्री के निवास के सामने प्रदर्शन, जबरन तूता ले जाने से नाराज महिला ने पी लिया फिनाइल

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

अनुकंपा नियुक्ति की मांग को लेकर दिवंगत पंचायत शिक्षाकर्मी अनुकंपा नियुक्ति संघ दो दिनों से प्रदर्शन कर रहा है। शुक्रवार को प्रदर्शनकारी महिलाएं गृहमंत्री विजय शर्मा के निवास पहुंची थीं। बंगले में मंत्री के नहीं होने से 50 से ज्यादा महिलाएं बंगले के बाहर धरने पर बैठ गईं। कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस प्रदर्शनकारी महिलाओं को धरना स्थल तूता ले जाने लगी। इस दौरान एक प्रदर्शनकारी अश्विनी सोनकर नाम की महिला ने फिनाइल पी लिया। मौके पर उपस्थित महिला पुलिसकर्मियों ने महिला के हाथ से बोतल छीन कर उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल में दाखिल कराया है।



प्रदर्शनकारी महिलाओं ने आरोप लगाया है कि चुनाव के पूर्व भाजपा ने उन्हें अनुकंपा नियुक्ति देने वादा किया था। चुनाव के डेढ़ साल बाद भी सरकार वादा पूरा नहीं कर रही। महिलाएं तीन सौ दिनों से ज्यादा समय से धरना-प्रदर्शन कर रही हैं। प्रदर्शन में वे महिलाएं शामिल हैं, जिनके परिजन संविलियन (समायोजन) से पहले ही दिवंगत हो गए थे। नियम के अनुसार उन दिवंगत शिक्षाकर्मी के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति देने का प्रावधान है।

### पुलिस ने कहा महिला की हालत सामान्य

महिला के फिनाइल पीने की घटना के बाद सिविल लाइंस पुलिस से संपर्क किया गया। पुलिस अफसरों ने महिला की हालत सामान्य बताया है, साथ ही प्रदर्शनकारी महिलाओं को समझाइश देकर धरना स्थल तूता छोड़कर आने की बात कही। गृहमंत्री के निवास के सामने प्रदर्शन करने को लेकर पुलिस ने फिलहाल किसी के खिलाफ अपराध दर्ज नहीं किया है। मौके पर पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं।

# प्रदेश में बनेंगे 166 महतारी सदन, 49 करोड़ 80 लाख रुपए की मंजूरी



हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ में 166 महतारी सदन बनाए जाएंगे। राज्य सरकार ने इस काम के लिए 49 करोड़ 80 लाख रुपए मंजूर किए हैं। प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा आपसी समरसता स्थापित करने सामायिक कार्यक्रमों में सामूहिक भागीदारी तथा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार महतारी सदन का निर्माण कार्य किया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि न्यू इंडिया के ग्रोथ साइकल में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आत्मनिर्भर भारत अभियान महिलाओं की क्षमता को देश के विकास के साथ जोड़ रहा है। प्रदेश के ग्राम पंचायतों में बनने जा रहा महतारी सदन भी इसी दिशा में एक प्रयास है। उन्होंने कहा कि लगातार ग्राम भ्रमण के दौरान महिलाओं द्वारा बैठने की स्थान न होने की शिकायत की और बैठने हेतु स्थान दिलाने की मांग की जाती रही इसलिए महतारी सदन बनाने का विचार आया। इसके बाद महिलाओं को रोजगार दिलाने और उनको काम काज के लिए स्थान उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार गांवों में महतारी सदन बनाने जा रही है।

बताया गया है कि अब तक 368 महतारी सदन की स्वीकृति इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिये जारी किया गया है। कार्यों में एकरूपता के दृष्टिकोण से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कार्य का एक मानक डिजाइन एवं प्राक्कलन तैयार किया गया है। प्रति महतारी सदन की लागत राशि रुपये 30 लाख होगी। 5 वर्षों में सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बनाने की योजनाप्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बनाया जाएगा। महतारी सदन बनाने की शुरुआत हो गयी है। पहले चरण में प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड में महतारी सदन बनना प्रारंभ किया जा रहा है व 5 साल में सभी ग्राम पंचायत में महतारी सदन बनेंगे। प्रदेश में बनने वाले महतारी सदन का निर्माण लगभग 25 सौ वर्गफीट में कराया जाएगा।

# अब महंत ने 14वां मंत्री हटाने की मांग की

हरिभूमि न्यूजः रायपुर



छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल को पत्र लिखकर नियम विरुद्ध एक अतिरिक्त मंत्री को हटाए जाने की मांग की है। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सार्वजनिक रूप से चौहदवें मंत्री का विरोध कर चुके हैं। वे भी लगातार इस मुद्दे को उठा रहे हैं।

डॉ. महंत ने राज्यपाल को पत्र में लिखा कि छत्तीसगढ़ के मंत्रिपरिषद् में मंत्रियों की कुल संख्या, भारत का संविधान के अनुच्छेद 164 (1 क) के विपरीत, विधानसभा के सदस्यों की कुल संख्या के 15 प्रतिशत से अधिक हो जाने के कारण, एक मंत्री को पद से हटाया जाये। अपने पत्र में उन्होंने भारत के संविधान के अनुच्छेद तथा उपबंध का हवाला भी विस्तार से दिया है। डा. महंत ने पत्र में कहा है कि 20 अगस्त को तीन नये मंत्रियों द्वारा पद की और गोपनीयता की शपथ ग्रहण कर लेने से मंत्रिपरिषद् के मंत्रियों की मुख्यमंत्री सहित कुल संख्या 14 हो गई है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्यों की कुल संख्या 90 है। संविधान के अनुच्छेद 164 (1 क) के अनुसार राज्य की मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों की कुल संख्या पन्द्रह प्रतिशत से अधिक नहीं होगी, 90 का 15 प्रतिशत 13.50 होता है, अर्थात मंत्रियों की संख्या मुख्यमंत्री सहित, 13.50 से अधिक नहीं होगी। वर्तमान में यह संख्या 14 है, जो 13.50 से अधिक है। डॉ. महंत ने कहा कि 14 मंत्रियों में से किसी एक मंत्री को पद से हटाते हुए संविधान के अनुच्छेद 164 (1 क) का पालन किया जाना सुनिश्चित करें।

# ईवी पर संकट, 50 हजार से अधिक वाहनों की सौ करोड़ रुपयों की सब्सिडी नहीं मिली

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रिक वाहन यानी ईवी चलाने वाले 50 हजार से अधिक ग्राहकों को अब तक सरकार ने ईवी पर दी जाने वाली सब्सिडी नहीं दी है। जानकारों के मुताबिक यह पूरी रकम सौ करोड़ रुपयों तक की होगी। खास बात ये है कि सरकार पहले ही ईवी के लिए मिलने वाली सब्सिडी में कटौती करते हुए हाईब्रिड वाहनों को दी जाने वाली छूट भी खत्म कर चुकी है। हालांकि इस संबंध में परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि राशि मिलने में विलंब हो सकता है, लेकिन रकम मिलेगी। दरअसल राज्य में ईवी के प्रचलन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने कुछ साल पहले अपनी ईवी पालिसी बनाई थी। इसके तहत ईवी खरीदने वालों को उनके वाहन की कीमत के हिसाब से सब्सिडी राशि का प्रावधान था। काफी संख्या में लोगों ने ये वाहन इस छूट का लाभ लेने के लिए खरीदे थे। हालांकि ये भी सही है कि राज्य में बड़ी संख्या में ग्राहकों को सब्सिडी की राशि मिल चुकी है, लेकिन पिछले कुछ समय से यह राशि राज्य सरकार जारी नहीं कर रही है।

# राजधानी में छह माह के भीतर 46 हत्या, ज्यादातर नशे की हालत में

हरिभूमि न्यूजःरायपुर

राजधानी सहित प्रदेश में क्राइम का ग्राफ कम होने का नाम नहीं ले रहा। राजधानी में साढ़े तीन साल के भीतर 266 हत्या हुई है। हत्या की ज्यादातर घटनाएं नशे की हालत में की गई हैं। वारदात रोकने पुलिस गांजा सहित अन्य तरह के प्रतिबंधात्मक मादक पदार्थों की बिक्री पर अंकुश लगाने कार्रवाई भी कर रही है। बावजूद इसके प्रतिबंधात्मक नशे की बिक्री कम होने का नाम नहीं ले रही। राजधानी पुलिस के पास गांजा, टेबलेट, सीरप के बाद नई चुनौती ड्रग रोकना है। नशे के सौदागर अब पाकिस्तान से ड्रग मंगाकर खपा रहे हैं।

धमतरी में राजधानी के तीन युवकों की नशेड़ियों द्वारा निर्ममता पूर्वक हत्या करने के बाद एक बार फिर से प्रतिबंधित मादक पदार्थ बेचने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग तेज हो गई है। पिछले महीने जो हत्या की घटनाएं हुई हैं, उन सभी की वजह नशे की हालत में मामूली विवाद के कारण हत्या की गई। कई चाकूबाजी की घटना में पुलिस मामूली धारा लगाकर अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो जाती है। इस वजह से भी बदमाशों के मन में पुलिस के प्रति खौफ कम होता जा रहा है। हाल के दिनों में जो हत्या की घटनाएं हुई हैं। उनमें आधे से ज्यादा लोगों का किसी भी तरह का कोई क्राइम रिकार्ड नहीं रहा है। नशे की हालत में उन लोगों द्वारा हत्या की गई। नशेड़ी नशे का शौक पूरा करने शराब के साथ गांजा तथा प्रतिबंधित टेबलेट का सेवन कर रहे हैं। शराब, गांजा तथा गोली का सेवन करने के बाद नशेड़ी अपनी सुध खो बैठते हैं, उन्हें नहीं पता रहता कि वे क्या कर रहे हैं।

# बेबदी में डायरिया से एक महिला की मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

बलंगी क्षेत्र में डायरिया से एक महिला की मौत हो गई इसके साथ ही परिवार के दो सदस्यों की हालत गंभीर है। महिला को उल्टी-दस्त की शिकायत पर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद सीएमएचओ, बीएमओ प्रभावित गांव पहुंचे। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में कैंप लगाने के निर्देश दिए गये है।

बताया जा रहा है कि जिले के बलंगी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेबदी निवासी 35 वर्षीया लीलावती पति सूरज लाल को 21 अगस्त को अचानक उल्टी दस्त की शिकायत शुरू हुई थी। लगातार उल्टी दस्त व हाथ पैर में खिचाव के कारण महिला को देर रात पीएचसी बलंगी से सिविल हॉस्पिटल वाड्रफनगर में भर्ती कराया गया था जहां चिकित्सकों द्वारा महिला



का उपचार किया जा रहा था लेकिन शुक्रवार की सुबह 7 बजे महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। इसके साथ ही परिवार की 36 वर्षीया जुगमनिया पति रामलाल व 28 वर्षीया बिफिया पति राम शरण को भी उल्टी दस्त की शिकायत पर सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। वहीं एहतियातन परिवार के अन्य सदस्यों को भी पीएचसी बंगली में एडमिट करने के निर्देश दिए गये है। बताया जा रहा है कि गांव में सिर्फ एक ही परिवार में डायरिया की शिकायत है। ऐसे में फिलहाल डायरिया के कारणों का पता नहीं चल पाया है लेकिन दूषित भोजन पानी के कारण डायरिया होने की बात कही जा रही है। परिवार के सदस्य 15 अगस्त के आस पास से बारी-बारी बीमार पड़ रहे थे। घटना की सूचना मिलने के बाद सीएमएचओ डॉ. बसंत सिंह भी प्रभावित गांव पहुंचे और मृतक के परिजन से मुलाकत की। उन्होंने परिवार के सदस्यों को ताजा भोजन करने और पानी उबालकर पीने की सलाह दी।

## आयुष्मान कार्ड से राशि आहरित करने निजी अस्पताल संचालक चला रहे रैकेट, फर्जीवाड़े का हुआ खुलासा

# आयुष्मान घोटालाः सरगुजा में चल रहा फर्जी तरीके से मरीज बनाने का खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आम नागरिकों को बेहतर उपचार सुविधा उपलब्ध कराने के लिए चलाई जा रही शासन की आयुष्मान भारत योजना में निजी अस्पताल किस कदर फर्जीवाड़ा कर रहे हैं इस बात का खुलासा हुआ है।

निजी अस्पताल संचालक अपने एजेंट के जरिए लोगों को लालच देकर अस्पताल लाते हैं और उनके आयुष्मान कार्ड के जरिए फर्जी तरीके से अस्पताल में गंभीर बीमारियों के नाम पर भर्ती कर उनके खाते से रुपए आहरित कर रहे हैं। इतना ही नहीं इस काम के लिए वे कार्डधारक को एक-एक हजार रुपए का कमीशन भी देते हैं। अब इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं ने अस्पताल प्रबंधन को नोटिस जारी किया है, साथ ही सीएमएचओ को इस मामले की जांच के निर्देश दिए हैं।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के जरिए 50 हजार रुपए से लेकर 5 लाख रुपए तक के उपचार की सुविधा उपलब्ध है। इस आयुष्मान कार्ड का उपयोग कर गरीब और जरूरतमंद लोग अपना बेहतर उपचार करा लेते हैं लेकिन निजी अस्पताल के संचालकों ने अब



आयुष्मान कार्ड के जरिए अवैध कमाई का नया खेल शुरू कर दिया है। अस्पताल में फर्जी तरीके से मरीजों को गंभीर बीमारी के नाम पर भर्ती किया जा रहा है और उनके आयुष्मान खाते से राशि आहरित की जा रही है। इस काम के लिए निजी अस्पतालों के एजेंट गांव गांव में सक्रिय हैं।

ऐसे ही एक मामले का खुलासा शुक्रवार को हुआ है। शहर के बनारस रोड स्थित गोयल हॉस्पिटल में इसी तरीके से पूरे फर्जीवाड़े को वर्षों से अंजाम दिया जा रहा है। इस अस्पताल में एजेंटों के जरिए गांव गांव से ऐसे भोले भाले लोगों को लाया जाता है जिनके पास आयुष्मान कार्ड है। उन्हें यह झांसा दिया जाता है कि आयुष्मान कार्ड के आपको दो बार में एक-एक हजार रुपए मिलेंगे और लोग अस्पताल व उनके एजेंटों के झांसे में भी आ जाते हैं।

### ठगी का एहसास होने पर किया विरोध

अस्पताल प्रबंधन द्वारा की जा रही इस धोखाधड़ी के शिकार सारंग और उमाशंकर ने बताया कि उन्हें अस्पताल के एजेंट के द्वारा झांसा दिया गया था लेकिन उन्हें इस बात की जानकारी हुई कि उनके आयुष्मान कार्ड का गलत उपयोग हुआ है तो वे दूसरी बार अस्पताल नहीं जा रहे थे। ऐसे में अस्पताल के एजेंट और प्रबंधन के लोगों द्वारा उन्हें फोन कर धमकी दी गई।

### हर महीने का कोटा

इस हॉस्पिटल के एजेंट से भी प्रभावित व्यक्ति के जरिए बात की गई और यह जानने का प्रयास किया गया कि और भी लोग हैं जो अपना आधार कार्ड देना चाहते हैं इस पर एजेंट ने बताया कि इस महीन का कोटा पैक हो चुका है। इस बात से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि निजी अस्पताल में किस कदर शासन की योजना का गलत उपयोग कर करोड़ों रुपए की कमाई ये मेडिकल माफिया कर रहे हैं।

### जांच के बाद होगी कार्रवाई



यह मामला बेहद गंभीर है। सूचना मिलने के बाद इस मामले की जांच के लिए आयुष्मान नोडल अधिकारी के नेतृत्व में जांच टीम का गठन किया गया है। इसके साथ ही सीएमएचओ को निर्देश दिये गए हैं कि अस्पताल में नर्सिंग होम एक्ट के पालन की भी गंभीरता से जांच की जाए। जांच के बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शासन की कल्याणकारी योजनाओं में इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

-डॉ. अनिल कुमार शुक्ला
संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं

बिलासपुर
शनिवार, 23 अगस्त 2025
भाद्रपद कृष्ण पक्ष अमावस्या
वर्ष : 25, अंक : 150
पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 5.00***

मौसम
अधि. 28.2
न्यून. 24.8

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## इतवारी और शालीमार के मध्य दुर्गा पूजा पर चलेगी स्पेशल

रेलवे प्रशासन द्वारा दुर्गा पूजा के दौरान यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) व शालीमार के मध्य दुर्गा पूजा स्पेशल गाड़ी का परिचालन 5 फेरों के लिए किया जा रहा है। गाड़ी



संख्या 08865 नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) शालीमार पूजा स्पेशल ट्रेन नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) से दिनांक 27 सितम्बर से 1 अक्टूबर, 2025 तक तथा गाड़ी संख्या 08866 शालीमार- नेताजी सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) पूजा स्पेशल ट्रेन शालीमार से दिनांक 28 सितम्बर से 2 अक्टूबर, 2025 तक चलेगी। इस पूजा स्पेशल गाड़ी में 2 एसएलआरडी, 5 सामान्य, 8 स्लीपर, 2एसी-3, 1 एसी-2 सहित कुल 18 कोच की सुविधा रहेगी।

## देशभर में चलेंगी 12 हजार से अधिक स्पेशल ट्रेनें

त्योहारों के दौरान यात्रियों की अधिकतम सुविधा के लिए रेलवे ने बड़ा निर्णय लिया है। दीपावली और छठ पर्व सीजन में देशभर में 12,000 से अधिक स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। इस फैसले से बिहार सहित पूरे देश के लाखों यात्रियों को सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा।अब रायपुर और बिलासपुर मंडल के यात्रियों को इंतजार है कि यहां से कितनी स्पेशल ट्रेनें मिलती हैं। इन ट्रेनों के जरिए यात्री अपने घर सुरक्षित और सुविधाजनक ढंग से पहुंच पाएंगे।

*छठ पूजा, सारनाथ, साउथ बिहार और बरौनी एक्सप्रेस में 25 अक्टूबर से तीन दिन पहले तक स्लीपर से एसी तक सीटें फुल*

# बिहार जाने 60 दिन पहले बुकिंग खुली और हफ्तेभर में ही सीटें फुल, अब 22 से 24 अक्टूबर तक नो रूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

दीपावली और छठ जैसे बड़े त्योहारों में अभी दो महीने का समय बाकी है, लेकिन प्रमुख ट्रेनों में अभी से नो-रूम की स्थिति बन गई है। पटना, बिहार और उत्तरप्रदेश को जोड़ने वाली ट्रेनों में रिजर्वेशन खुलते ही सीटें फुल हो गईं। इस बार छठ पर्व 25 अक्टूबर से शुरू होगा, लेकिन छपरा जाने वाली तीन प्रमुख ट्रेनों में 22 से 24 अक्टूबर तक की बुकिंग पहले ही बंद हो चुकी है। छठ को लेकर सारनाथ एक्सप्रेस, साउथ बिहार एक्सप्रेस और बरौनी एक्सप्रेस में स्लीपर से लेकर एसी तक सभी कोच फुल हो चुके हैं। रेलवे नियमों के अनुसार यात्री 60 दिन पहले एडवांस टिकट बुक कर सकते हैं। सप्ताहभर पहले ही बुकिंग खुलते ही सभी श्रेणियों की सीटें भर ▶▶|शेष पेज 6 पर

### अब यात्री ट्रेनों के रिजर्वेशन खुलने का कर रहे इंतजार

पहली बार ऐसा देखने को मिल रहा है कि छठ को लेकर ट्रेनों में रिजर्वेशन खुलते ही सात दिनों में ही सीटें तेजी से बुक हो गईं। इसकी मुख्य वजह एडवांस टिकट बुकिंग के नियमों में बदलाव और ▶▶|शेष पेज 6 पर




### अब वापसी टिकट के लिए इंतजार

रायपुर से पटना जाने के लिए बुकिंग खुलते ही जिन यात्रियों की टिकट कंफर्म हो चुकी है, अब उन्हें वापसी की टिकट का इंतजार है। वर्तमान में 25 अक्टूबर तक ही बुकिंग शुरू हुई है, जबकि छठ पर्व इसके बाद भी कई दिन तक चलता है। ऐसे में घर से लौटने वाले यात्रियों को कन्फर्म सीट पाने के लिए लगातार ऑनलाइन ▶▶|शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पूर्व राष्ट्रपति विजयादशमी पर होंगे मुख्य अतिथि



**नागपुर।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद दो अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वार्षिक विजयादशमी समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। संघ की स्थापना के शताब्दी समारोह के अवसर पर आयोजित विजयादशमी उत्सव दो अक्टूबर 2025 को सुबह 7.40 बजे नागपुर के रेशिमबाग में आयोजित किया जाएगा।

### डिवाइडर से कार टकराई व्यापारी समेत दो की मौत

**मैनपुरी।** मैनपुरी जिले में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर एक कार के डिवाइडर से टकराने से उसमें सवार कानपुर के व्यापारी समेत दो लोगों की मौत हो गई। दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। कानपुर के व्यापारी सागर कपूर (35) दिल्ली स्थित बुडको पेंट कंपनी के प्रबंधक जितेंद्र आहूजा (45), पेंट कंपनी के कानपुर क्षेत्रीय प्रबंधक राजेश ओझा और रेलवे कर्मचारी दुर्गा प्रसाद के साथ गुरुवार को कानपुर से दिल्ली जा रहे थे।

### 'अवैध' सट्टेबाजी मामले में विधायक के खिलाफ छापे




**बेंगलुरु।** प्रवर्तन निदेशालय ने कथित अवैध सट्टेबाजी से जुड़े धन शोधन मामले में कर्नाटक के कांग्रेस विधायक के सी वीरेंद्र 'पप्पी', उनके भाई और कुछ अन्य के खिलाफ कई राज्यों में छापे मारे। कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले, बेंगलुरु और हुबली, जोधपुर, मुंबई और गोवा में कम से कम 30 स्थानों पर तलाशी ली गई।

### हवाईअड्डे पर गांजा जब्त, यात्री गिरफ्तार

**चेन्नई।** चेन्नई हवाईअड्डे.पर तलाशी के दौरान बीते कुछ दिनों में कई मौकों पर शार्क के डैने और प्रतिबंधित मादक पदार्थ जब्त किए गए। विभिन्न विदेशी स्थानों पर जाने के लिए यहां पहुंचे दो लोगों को इस संबंध में गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने 17 अगस्त को सिंगापुर जा रहे दो पुरुषों को रोका। 11.6 किलोग्राम शार्क के डैने बरामद किए। पूछताछ के दौरान यात्रियों ने स्वीकार किया कि उन्हें एक व्यक्ति ने काम पर रखा था।

### प्रख्यात पंजाबी अभिनेता जसविंदर का निधन



**चंडीगढ़।** प्रख्यात पंजाबी अभिनेता जसविंदर भल्ला का शुक्रवार सुबह मोहाली के एक निजी अस्पताल में 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया। भल्ला के मित्र बाल मुकुंद शर्मा ने कहा कि दो दिन पहले अभिनेता को बीमार पड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मोहाली में शनिवार को भल्ला का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने बिहार और बंगाल में 'इंडिया' गठबंधन को आड़े हाथ लिया

# पीएम बोले- विपक्षी नेता जेल या जमानत पर इसलिए संविधान संशोधन का विरोध

एजेंसी ▶▶| गयाजी/कोलकाता

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बिहार और पश्चिम बंगाल पहुंचे। यात्रा की शुरुआत उन्होंने गयाजी से की। यहां आयोजित एक सभा में पीएम मोदी ने राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि दोनों विपक्षी दल संविधान (130 वां संशोधन) विधेयक के खिलाफ हैं, क्योंकि उनके अधिकतर नेता या तो जेल में हैं या जमानत पर हैं। उन्होंने राजद और कांग्रेस पर घुसपैठियों को समर्थन देने का आरोप लगाया।*



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) पर आरोप लगाया कि वह सत्ता के उच्च स्तरों पर भ्रष्टाचार को समाप्त करने के उद्देश्य से उठाए गए कदमों का और देश की जनसांख्यिकी के समक्ष घुसपैठियों से उत्पन्न खतरे से निपटने के लिए किए गए उपायों का विरोध कर रहा है। प्रधानमंत्री ने गयाजी में एक रैली में इस सप्ताह लोकसभा में अपनी सरकार द्वारा पेश किए गए संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 और बिहार में निर्वाचन आयोग द्वारा वर्तमान में किए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का अप्रत्यक्ष रूप से उल्लेख किया। राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि दोनों विपक्षी दल संविधान (130वां संशोधन) विधेयक के खिलाफ हैं क्योंकि उनके अधिकतर नेता या तो जेल में हैं या जमानत पर हैं। लोकसभा में बुधवार को संविधान (130वां संशोधन) विधेयक पेश किया गया था जिसे संसद की संयुक्त समिति को भेज दिया गया है। इसमें गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तारी ▶▶|शेष पेज 6 पर

### पीएम ने क्लर्क का दिया उदाहरण

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया, इसलिए हमने एक ऐसा कानून लाने का फैसला किया, जिसके तहत अगर कोई भ्रष्ट मुख्यमंत्री या यहां तक कि प्रधानमंत्री 30 दिन जेल में बिताता है तो उसे बर्खास्त किया जा सकता है। अगर कोई मामूली क्लर्क थोड़े समय के लिए भी जेल में रहता है तो उसे निलंबित कर दिया जाता है। लेकिन, जब हम एक कड़ा कानून लेकर आए तो राजद, कांग्रेस और वामपंथी दल भड़क गए। वे इसलिए नाराज हैं क्योंकि उन्हें अपने पापों की सजा मिलने का डर है। उन्होंने कहा, कांग्रेस और राजद ने सत्ता में रहते हुए जनता के पैसे से अपनी तिजोरियां भरीं। इस उद्देश्य से, वे परियोजनाओं को अंतहीन रूप से लटकाए रखते थे। इसके विपरीत, मैं आज उस पुल का उद्घाटन कर रहा हूं जिसका शिलान्यास मैंने कुछ साल पहले ही किया था।

### एसआईआर, 130वें संविधान संशोधन के विरोध पर जमकर साधा निशाना



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कोलकाता में तीन मेट्रो रेल मार्गों का उद्घाटन करने के बाद जेस्सोर रोड स्टेशन पर ट्रेन में सवार होकर छह किलोमीटर लंबे जय हिंद बिमान बंदर-नोआपारा मार्ग पर मेट्रो की सवारी की।

### घुसपैठियों को लोगों के अधिकार नहीं छीनने देंगे

पीएम मोदी ने कहा, हम घुसपैठियों को राज्यों के लोगों के अधिकार नहीं छीनने देंगे। राजद और कांग्रेस इन घुसपैठियों का समर्थन कर रहे हैं। वे तुष्टीकरण की राजनीति में लिप्त हैं। बिहार के लोगों को ऐसे दलों और ऐसे नेताओं को लेकर सतर्क रहना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार में आज शुरू की गईं परियोजनाओं से राज्य के लोगों को रोजगार मिलेगा और स्वास्थ्य ढांचे में सुधार होगा।

इधर, शाह बोले-

### केजरीवाल ने दे दिया होता इस्तीफा तो..



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जेल में बंद मंत्रियों को बर्खास्त करने संबंधी विधेयक का बचाव करते हुए कहा कि अगर अरविंद केजरीवाल ने गिरफ्तारी के बाद इस्तीफा दे दिया होता, तो इस नए विधेयक की जरूरत नहीं पड़ती। अमित शाह ने कहा कि संवैधानिक नैतिकता का पालन विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों को करना चाहिए। दरअसल अमित शाह केरल में मनोरमा न्यूज कॉन्क्लेव में पहुंचे थे। यहां उनसे जब बिल को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि क्या देश की जनता चाहती है कि कोई मुख्यमंत्री जेल में रहकर सरकार चलाए? यह कैसी बहस है? मुझे समझ नहीं आ रहा। यह नैतिकता का सवाल है।

**बंगाल में घुसपैठ को बढ़ावा दे रही तृणमूल**

प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर शुक्रवार को कड़ा प्रहार करते हुए उस पर अपनी सत्ता की भूख मिटाने के लिए घुसपैठ को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उत्तर 24 परगना के दमदम इलाके में एक रैली को संबोधित करते हुए, मोदी ने कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार ने घुसपैठियों के खिलाफ एक बड़ा अभियान शुरू किया है, जो पश्चिम बंगाल की जनसांख्यिकी बदल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, यह देश अब घुसपैठियों को बर्दाश्त नहीं कर सकता। हम उन्हें भारत में नहीं रहने देंगे, इसीलिए हमारी सरकार ने घुसपैठियों के खिलाफ इतना बड़ा अभियान चलाया है।

शराब घोटाला मामला

## लखमा की जमानत पर फैसला सुरक्षित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

शराब घोटाले केस में जेल में बंद पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा है। मामले की सुनवाई जस्टिस अरविंद वर्मा की बेंच में हुई। इस दौरान लखमा की तरफ से एडवोकेट हर्षवर्धन परगनिहा ने पक्ष रखा। ध्यान रहे कि ईडी ने लखमा को 15 जनवरी को गिरफ्तार किया था। इसके साथ ही शराब घोटाले के केस में ईओडब्ल्यू ने भी केस दर्ज किया है, जिसकी जांच के बाद चार्जशीट पेश किया गया है। इस मामले में भी ईओडब्ल्यू ने गिरफ्तार किया है। कवासी लखमा ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका लगाई है। ▶▶|शेष पेज 6 पर

- ईडी ने करोड़ों के अवैध लेनदेन के सबूत मिलने की बात कोर्ट में कही

### लखमा के 27 करीबियों से लिए गए बयान

कोर्ट को बताया गया कि शराब घोटाला सिंडिकेट की तरह चलता था, जिसमें अधिकारी से लेकर मंत्री तक कमीशन लेते थे। लखमा के 27 करीबियों से बयान लेकर इस बात के सबूत इकट्ठा किए गए हैं जिसमें उनकी भूमिका और मिलीभगत के सारे साक्ष्य मौजूद हैं। इसके साथ ही ईडी की जांच में भी पता चला है कि तत्कालीन भूपेश सरकार के कार्यकाल में आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, आबकारी विभाग के एमडी एपी त्रिपाठी और कारोबारी अनवर ढेबर के सिंडिकेट के जरिए घोटाले को कैसे अंजाम दिया गया था।

**क्या है आरोप** ईडी का आरोप है कि पूर्व मंत्री और मौजूदा विधायक कवासी लखमा सिंडिकेट के अहम हिस्सा थे। लखमा के निर्देश पर ही सिंडिकेट काम करता था। इनसे शराब सिंडिकेट को मदद मिलती थी। वहीं, शराब नीति बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे छत्तीसगढ़ में एफएल-10 लाइसेंस की शुरुआत हुई। ईडी का दावा है कि लखमा को आबकारी विभाग में हो रही गड़बड़ियों की जानकारी थी, लेकिन उन्होंने उसे रोकने के लिए कुछ नहीं किया।

## इंद्रावती टाइगर रिजर्व के 21 गांव होंगे विस्थापित, एक के ग्रामीणों ने दी सहमति



महेन्द्र विश्वकर्मा ▶▶| जगदलपुर

खास खबर

बीजापुर जिले के इंद्रावती टाइगर रिजर्व के तहत आने वाले गांवों के लिए विस्थापन की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो परिवार अपनी मर्जी से विस्थापित होना चाहते हैं उन्हें 15 लाख रुपए और रहने के लिए जमीन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। रिजर्व के 21 गांव को लोगों को प्रशासन की तरफ से 15 लाख रुपए के साथ रहने के लिए जमीन भी दी जाएगी। इंद्रावती टाइगर रिजर्व के कोर इलाके के ग्रामीणों के विस्थापन के लिए तेज कर दी है। इंद्रावती टाइगर रिजर्व के तहत 76 गांव आते हैं। पहले चरण में विस्थापन के लिए प्रशासन ने 21 गांवों का चयन किया गया है। इंद्रावती टाइगर रिजर्व के ▶▶|शेष पेज 6 पर

- आईटीआर में बसे कुछ लोग नक्सलवाद से गांव छोड़ चुके कई लोगों ने विस्थापन के लिए कर रहे आवेदन

### रिजर्व के 21 गांव चयनित

इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर में 76 गांव में से 21 गांव उसकामेटा, मोदकवाया, पुम्बाली, मुचलेर, मर्दिगपाल, पावम, बीवरी, पालदेवी, चुचकोन्टा, बडेगुण्डम, डोडीमरका, गुमनेर, ओरसनपल्ली, बोरमेटा, कुपरेल, बडेआलवाड़ा, गुटटामारका, गोरगुंडा, रामगुटटा एवं पेनगुंडा को विस्थापित के लिए चयनित हुए हैं।

### विस्थापित के बाद पर्यटकों के लिए खुल जाएगा रिजर्व

बताया जा रहा है कि इंद्रावती टाइगर रिजर्व लाल आतंक के चलते 40 सालों से पर्यटकों से दूर रहा। ग्रामीणों के विस्थापित होने के बाद यह खूबसूरत नेशनल पार्क देश दुनिया के पर्यटकों के लिए खुल जाएगा, जहां आम लोग ▶▶|शेष पेज 6 पर

**लोगों को सुरक्षित बसाने का प्रयास** वन विभाग के मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव एवं इंद्रावती टाइगर रिजर्व के क्षेत्रीय निदेशक श्रीमती स्टायलो मांडवी ने बताया कि इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर इंद्रावती नदी के किनारे होने का कारण ही इस टाइगर रिजर्व का नाम इंद्रावती रखा गया है। यह देश के सबसे प्रसिद्ध बाघ अभयारण्यों में से एक है। वन्य जीव ग्रामीण इलाकों में घुस जाते हैं, जिससे यहां के लोगों को नुकसान पहुंचाते हैं। ऐसे में लोगों को सुरक्षित बसाने के लिए प्रशासन ने इन 21 गांव का चयन किया है।

### संसद की सुरक्षा में बड़ी चूक दीवार फांदकर घुसा संदिग्ध

**नई दिल्ली।** संसद भवन की सुरक्षा में शुक्रवार को बड़ी चूक का मामला सामने आया जब एक आदमी दीवार फांदकर अंदर घुस गया। उस व्यक्ति ने एक पेड़ का इस्तेमाल करके दीवार पार की। घटना सुबह करीब साढ़े 6 बजे की है और रेलभवन की तरफ से पेड़ पर चढ़कर दीवार पर चढ़ा था। हालांकि, अलर्ट सुरक्षाकर्मियों ने उसे तुरंत पकड़ लिया। यह घटना नए संसद भवन में गरुड़ द्वार के पास हुई। पुलिस ने पकड़ने के बाद उस शख्स से पूछताछ में यह जानना चाहा कि वह इतनी कड़ी सुरक्षा वाली जगह में कैसे घुसा। सूत्रों के अनुसार, वह आदमी रेल भवन की तरफ से दीवार कूदकर आया था।

## छत्तीसगढ़ में तकनीक आधारित निवेश की संभावनाओं पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जापान दौरे पर हैं। मुख्यमंत्री और उनके प्रतिनिधिमंडल का यह पहला दिन उपलब्धियों से परिपूर्ण रहा। इसमें व्यापार, तकनीक और कूटनीति से जुड़े अहम अवसरों की खोज की गई। इन प्रयासों से छत्तीसगढ़ को तीव्र औद्योगिक विकास, डिजिटल नवाचार और वैश्विक साझेदारी के एक उभरते केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए। सीएम साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने एनटीटी लिमिटेड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री कायो इतो से मुलाकात की। एनटीटी विश्व की शीर्ष आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल समाधान कंपनियों में से एक है, जिसकी वार्षिक आय 90 अरब अमेरिकी डॉलर है और जो 50 से अधिक देशों में कार्यरत है। इस बैठक में छत्तीसगढ़ में तकनीक आधारित निवेश की संभावनाओं पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने राज्य में डिजिटल इकोसिस्टम को मजबूत बनाने पर जोर दिया। एनटीटी विश्वभर में क्लाउड कम्प्यूटिंग और साइबर सुरक्षा सहित अत्याधुनिक आईटी समाधान प्रदान कर रही है और डिजिटल परिवर्तन की अग्रणी शक्ति बनी हुई है।

- मुख्यमंत्री साय का जापान दौरा बना तकनीकी-औद्योगिक सहयोग का सेतु



### सांस्कृतिक रिश्तों और व्यापारिक साझेदारी को मजबूती

भारत के जापान में राजदूत सिबी जॉर्ज द्वारा आयोजित औपचारिक रात्रिभोज में मुख्यमंत्री साय और प्रतिनिधिमंडल ने भाग लिया। इस अवसर पर हुई चर्चा में इंडो-पैसिफिक देशों को उद्योग और व्यापार के माध्यम से जोड़ने की आवश्यकता पर बल गया। इसमें आर्थिक स्थिरता, व्यापारिक सुरक्षा, पारिस्थितिकीय संतुलन और औद्योगिक वृद्धि की अहम भूमिका को रेखांकित किया गया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जापान की उन्नत तकनीक और भारत के कुशल जनशक्ति के संयोजन से व्यापक औद्योगिक सहयोग की संभावनाएं हैं। उन्होंने सांस्कृतिक संबंधों को प्रोत्साहित करने और छत्तीसगढ़ को जापानी पर्यटकों के लिए आकर्षक पर्यटन गंतव्य के रूप में प्रस्तुत करने पर भी जोर दिया।

टूटे रपटा के तेज बहाव में वाहन सहित बाइक सवार बहा

## ग्रामीणों ने मानव श्रृंखला व रस्सी के सहारे बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर









जर्जर टूट चुके रपटा पर अचानक तेज बहाव आया और एक बाइक सवार बह गया। ग्रामीणों ने मानव श्रृंखला और रस्सी के सहारे उसकी जान तो बचा ली। लेकिन बाइक, मोबाइल और नकदी पानी की धारा में बह गया। यह हादसा कोई पहला नहीं है, सुखा तेल नदी पर अधूरे पड़े पुलिया की वजह से ऐसे खतरे रोज यहां के लोगों को झेलने पड़ रहे हैं। सुखा तेल नदी पर प्रस्तावित पुलिया की 7 करोड़ 40 लाख रुपए की स्वीकृति मिलने के बावजूद निर्माण करने वाली कंपनी चार साल में एक पिलर भी नहीं खड़ा कर पाई, तो उसे ब्लैकलिस्टेड कर दिया गया। तीन साल पहले एक ग्रामीण की इसी नदी में डूबकर मौत हो चुकी है। हाल ही में पूर्णचंद्र साहू की बाइक, 12 हजार रुपये और मोबाइल नदी में बह गए, हालांकि ग्रामीणों ने उनकी जान बचा ली। मैनपुर एसडीएम तुलसीदास मरकाम ने बताया टेंडर की प्रक्रिया चल रही है, आने वाले वर्ष तक पुल निर्माण हो जाएगा।

चिंतन

# गंभीर आरोप लगने पर पदेन रहना उचित नहीं

कानून की नजर में सब समान है। अगर कोई सरकार में पदेन व्यक्ति किसी गंभीर अपराध में आरोपी है, तो उन्हें इंसाफ होने तक पद से मुक्त होना चाहिए। अफसरों कर्मियों पर यह नियम लागू है, लेकिन केंद्रीय मंत्री, पीएम, सीएम व राज्य के मंत्री अब तक बचे हुए हैं। अब सरकार 130वें संविधान संशोधन विधेयक लेकर आई है। मानसून सत्र के आखिर में इस बिल को संसद के पटल पर रखा गया है, इसे अभी सिलेक्ट कमेटी को भेजा गया है, लेकिन इस पर विपक्ष आक्रोशित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के गयाजी में इस बिल को केंद्र में रखकर विपक्षी दलों को सीधा संदेश दिया है कि किसी भी दबाव में सरकार पीछे नहीं हटेगी, अब भ्रष्टाचारी जेल जाएंगे और कुर्सी भी छोड़नी पड़ेगी। सवाल है कि संशोधन बिल की जरूरत क्यों पड़ी और क्या सरकार की मंशा साफ है? या विपक्ष का संदेह जायज है कि कहीं इस कानून की आड़ में सरकार विपक्षी दलों की सरकारों को परेशान तो नहीं करेगी? विपक्ष की कानून के दुरूपयोग किए जाने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है, लेकिन किसी गंभीर आरोपी का पद पर बने रहना भी लोकतंत्र की नैतिकता के लिए ठीक नहीं है। मंत्री अगर आरोपी रहने पर भी पद से चिपके रहेंगे, तो पद की गरिमा भी कम होगी और कानूनी प्रक्रिया में भी असहजता उत्पन्न होगी। जेल से कोई सरकार चलाए, यह सरकार के प्रति जनविश्वास के लिए ठीक नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गत 20 अगस्त को लोकसभा में 130वां संविधान संशोधन बिल 2025, गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज संशोधन बिल 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) बिल 2025 पेश किया। इन बिलों में प्रावधान है कि अगर केंद्रीय मंत्रिपरिषद का कोई मंत्री, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या राज्यों के मंत्री को ऐसे गंभीर अपराधों में गिरफ्तार किए जाते हैं, जिनमें कम से कम पांच साल की जेल हो सकती है और उन्हें लगातार 30 दिन हिरासत में रखा जाता है, तो 31वें दिन उन्हें पद से हटा दिया जाएगा। राजनीति में कम से कम दो ऐसे उदाहरण हैं जिससे इस बिल के महत्व को समझा जा सकता है। पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले में 156 दिन तिहाड़ जेल में रहे, लेकिन उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया। इसी तरह तमिलनाडु के मंत्री सेंथिल बालाजी 8 महीने तक जेल में रहने के बावजूद मंत्री बने रहे। सेंथिल को आखिर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी के बाद इस्तीफा देना पड़ा था। संविधान के अनुच्छेद 75 में प्रधानमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के गठन के बारे में प्रावधान किया गया है। अब नए संशोधन के मुताबिक, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री की सलाह पर आरोपित मंत्री को पद से हटा देंगे। यदि प्रधानमंत्री सलाह नहीं देते तो 31वें दिन के बाद वह मंत्री अपने आप पद से हटा हुआ मान लिया जाएगा। अगर प्रधानमंत्री खुद कार्यकाल के दौरान 30 दिन लगातार ऐसे आरोप में जेल में रहे हैं, तो उन्हें 31वें दिन तक इस्तीफा देना होगा। यदि इस्तीफा नहीं दिया, तो उनका पद खुद ही समाप्त मान लिया जाएगा। संविधान का अनुच्छेद 164 राज्यों के मुख्यमंत्रियों और मंत्रिमंडल से संबंधित है। राज्य के मुख्यमंत्रियों व मंत्रियों के लिए भी राज्यपाल के द्वारा ऐसे ही नियम होंगे। अपराधमुक्त होने पर वे दोबारा पीएम, सीएम या मंत्री बन सकते हैं। दिल्ली के सीएम व मंत्रिपरिषद से संबंधित अनुच्छेद 239एए में भी संशोधन होगा। देश में एक ऐसे बिल की भी जरूरत है, जिसमें पद पर रहते हुए पीएम, केंद्रीय मंत्री, सीएम, राज्य के मंत्री चुनाव प्रचार में शामिल हो सकें।



मानसून सत्र
प्रो. नीलम महाजन सिंह

# संसदीय मर्यादा का तिरस्कार क्यों?

संसद की कार्यवाही के दौरान विपक्ष ने अलग-अलग मुद्दों को लेकर जमकर हंगामा किया। खासकर बिहार में एसआईआर का मुद्दा सदन के अंदर व बाहर छाया रहा। विपक्षी सांसद सदन में एसआईआर पर चर्चा की मांग उठाते रहे, जिसके बाद 22 अगस्त को संसद को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया गया। इस सत्र में लोकसभा में 12 विधेयक पारित हुए व 419 प्रश्न शामिल किए गए। विपक्ष के हंगामे पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सदन में गरिमापूर्ण तरीके से चर्चा होनी चाहिए। संसद को ना चलने देना, विपक्ष की पराजय है, परंतु संसद को नियंत्रित कर सुचारु रूप से नहीं चला पाना, सरकार की विफलता भी है। इससे लोकतांत्रिक प्रणाली पर धब्बा अंकित होता है।

संसद को प्रजातंत्र का मंदिर माना जाता है। जनता के द्वारा चुने हुए व्यक्ति संसद में आतें है। फ़िर ऐसा क्यों होता है कि केन्द्रीय सरकारों व विपक्ष के बीच सहयोग नहीं बनता? बिल, बिना चर्चा के पारित हो रहे हैं। युवा पीढ़ी के समक्ष क्या उदाहरण दिया जा रहा है? संसद के मानसून - 2025 सत्र में आम आदमी के सवाल धुल गए। 21 जुलाई, संसद के मानसून सत्र का आखिरी दिन हंगामेदार था। विपक्ष वोटर लिस्ट में संशोधन समेत अलग-अलग मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में थी। सत्र की शुरुआत से अंतिम दिन तक, लगभग पूरा सत्र हंगामे की भेंट चढ़ गया।

बीते एक महीने में संसद की कार्यवाही के दौरान विपक्ष ने अलग-अलग मुद्दों को लेकर जमकर हंगामा किया। ख़ासकर बिहार में एसआईआर का मुद्दा सदन के अंदर व बाहर छाया रहा। विपक्षी सांसद सदन में एसआईआर पर चर्चा की मांग उठाते रहे, जिसके बाद 22 अगस्त को संसद को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया गया। इस सत्र में लोकसभा में 12 विधेयक पारित हुए व 419 प्रश्न शामिल किए गए। विपक्ष के हंगामे पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सदन में गरिमापूर्ण तरीके से चर्चा होनी चाहिए। पीएम नरेंद मोदी ने मानसून सत्र को 'विजयोत्सव सेशन' बताया था। इसके बाद भी सदन में पहले दिन से आखिरी दिन तक विपक्ष ने हंगामा जारी रखा। गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में तीन अहम बिल पेश किए। विपक्ष ने इन तीनों बिलों का विरोध किया। विपक्ष के हंगामे के बीच 'ऑनलाइन मनी गेम्स' पर पूरी तरह से बैन लगाने वाले 'ऑनलाइन गेमिंग प्रमोशन और रेगुलेशन बिल : 2025' को संसद के दोनों सदनों में पारित किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के मानसून सत्र के आखिरी दिन, विपक्ष को लेकर अपनी निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि विपक्ष चर्चा में शामिल हो सकता था लेकिन उसने जमकर हंगामा किया। स्पीकर ओम बिरला ने विपक्ष के रवैये को निराशापूर्ण बताया। बिरला ने कहा कि जनता को अपने प्रतिनिधियों से बहुत उम्मीदें होती हैं, इसलिए उन्हें सदन में अपने समय का उपयोग जनहित की समस्याओं और मुद्दों तथा महत्वपूर्ण विधेयकों पर गंभीर और सार्थक चर्चा के लिए करना चाहिए। हम सभी का दायित्व है कि हम सदन में स्वस्थ परंपराओं के निर्माण में सहयोग करें। इस गरिमामयी सदन में हमें नारेबाज़ी और व्यवधान से बचते हुए गंभीर और सार्थक चर्चा को आगे बढ़ाना चाहिए. संसद सदस्य के रूप में हमें अपने कार्य और व्यवहार से देश और दुनिया के समक्ष एक आदर्श स्थापित करना चाहिए। सदन और संसद परिसर में हमारी भाषा सदैव संयमित और मर्यादित होनी चाहिए। लोकसभा स्पीकर ने सदन की कार्यवाही में सहयोग के लिए पीएम मोदी, सभापति तालिका पर विराजमान सहयोगियों, केंद्रीय मंत्रिगणों,नेता प्रतिपक्ष, विभिन्न दलों के नेताओं, माननीय सदस्यों, प्रेस और मीडिया के प्रतिनिधियों, लोकसभा सचिवालय और संबद्ध एजेंसियों का धन्यवाद अदा किया। राज्यसभा की कार्यवाही 38.6 घंटे चली। वहीं लोकसभा की कार्यवाही 36.1 घंटे चली।

लोकसभा व राज्य सभा में मर्यादित भाषा का प्रयोग नहीं हुआ। संसद परिसर में नारेबाज़ी करना, तख्तियां दिखाना और नियोजित गतिरोध संसदीय मर्यादा



को आहत करता है। सत्र में जिस प्रकार की भाषा व आचरण को देखा गया, वह संसदीय गरिमा के अनुकूल नहीं है। हम सभी का दायित्व है कि हम सदन में स्वस्थ परंपराओं के निर्माण में सहयोग करें। हमें नारेबाज़ी व व्यवधान से बचते हुए गंभीर और सार्थक चर्चा को आगे बढ़ाना चाहिए था। संसद सदस्य के रूप में सांसदों को अपने कार्य व व्यवहार से देश और दुनिया के समक्ष एक आदर्श स्थापित करना चाहिए।

संसद परिसर में हमारी भाषा सदैव संयमित व मर्यादित होनी चाहिए। कार्यसूची में 419 तारांकित प्रश्न शामिल किए गए थे, लेकिन लगातार विपक्षिय हंगामे की वजह से मौखिक उत्तर के लिए सिर्फ 55 प्रश्न ही लिए जा सके। सत्र की शुरुआत में यह तय किया गया था कि इस सत्र में 120 घंटे चर्चा और संवाद होगा। बिज़नेस एडवाइजरी कमेटी में भी इस पर सहमति थी। लेकिन लगातार गतिरोध व नियोजित व्यवधान की वजह से ऐसा नहीं हुआ। मानसून सत्र में 12 विधेयक पारित हुए। 18वीं लोकसभा के पांचवें सत्र की समाप्ति के दौरान, स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि इस दौरान 14 सरकारी विधेयक पुनः स्थापित किए गए और कुल 12 विधेयक पारित किए गए। 28 - 29 जुलाई को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विशेष चर्चा हुई, जिसका समापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तर के साथ हुआ। 18 अगस्त, 2025 को भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की उपलब्धियों पर विशेष चर्चा शुरू की गई। पहले दिन से आख़िरी दिन तक पूरा सत्र हंगामे की भेंट चढ़ गया।

राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 'संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025', 'संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025' और 'जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025' को संयुक्त तौर पर पेश किया। इस बिल को जेपीसी (संयुक्त संसदीय समिति) को भेजा गया। संसद की एक घंटे की कार्यवाही में करोड़ों रुपये खर्च होते हैं। आपराधिक मामलों में गिरफ़्तारी के बाद पीएम और सीएम को कुर्सी से हटाने वाले बिलों पर खूब बवाल हुआ। ऐसे में सवाल यह है कि संसद में होने वाली इस चर्चा पर एक दिन का खर्च कितना आता है और हंगामे से कितना नुकसान होता है? यह जनता से टैक्स के रूप में लिया गया धन है। संसद में जब भी चर्चा होती है तो एक मिनट का खर्च आम आदमी की पूरे सालभर की कमाई के बराबर होता है। यहां एक मिनट के लिए 2.5 लाख रुपये खर्च होते हैं। यानी एक घंटे में 1.5 करोड़ रुपये से ज्यादा का खर्च आता है।

ये आंकड़ा साल 2012 में पूर्व संसदीय कार्य मंत्री पवन बंसल ने दिया था। अब करीब 13 साल बाद ये खर्च कई गुना ज़्यादा हो सकता है। इसमें लाइव टेलीकास्ट, एयर कंडीशनिंग और कर्मचारियों का पूरा खर्च शामिल हैं। इस दौरान कई अतिरिक्त कर्मचारी भी लगाए जाते हैं। साथ ही सांसदों को आने-जाने व बाकी भत्ते भी दिए जाते हैं। सुषमा स्वराज ने 2012 में कहा था कि 'संसद को चलने न देना भी अन्य लोकतंत्रों की तरह ही लोकतंत्र का एक रूप है'। अरुण जेटली ने कहा था कि 'संसदीय अवरोध अलोकतांत्रिक नहीं है'। सारांशार्थ, यह कहना अनुचित नहीं होगा कि जहां मोदी सरकार अपने कार्यों को सकारात्मक रूप से पेश करने की कोशिश कर रही थी, वहीं विपक्ष भी सरकार को आईना दिखाने का अधिकार रखती है। आम जनता के हितों हेतु संसद में प्रश्नोत्तर काल महत्वपूर्ण है। संसद को ना चलने देना, विपक्ष की पराजय है, परंतु संसद को नियंत्रित कर सुचारु रूप से नहीं चला पाना, सरकार की विफलता भी है। इससे लोकतांत्रिक प्रणाली पर धब्बा अंकित होता है।

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विडम्बना
पंकज चतुर्वेदी



# सुरक्षा बल जवानों में खुदकुशी की प्रवृत्ति खड़े कर रही सवाल

अगस्त महीने के पहले हफ्ते में ही बस्तर के कोंडागांव के बयानार सीएएफ कैंप में प्लाटून कमांडर दिनेश सिंह चंदेल ने अपनी सर्विस रायफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस साल के आठ महीनों में (अधिकांश बस्तर में ही) सुरक्षा बलों के 11 लोग इस तरह खुद के जीवन को समाप्त कर चुके हैं। जब केंद्र सरकार लगातार छापेमारी कर बड़े नक्सल ऑपरेशन कर रही है और अबूझमाड के उन इलाकों तक सुरक्षा बल पहुंच रहे हैं जिन्हें अभी तक 'अबूझ' कहा जाता था,जवानों में आत्महत्या की प्रवृति चिंता की बात है। दुर्भाग्य है कि जब-तब ऐसी घटनाएं होती हैं, जांच आदि के दल गठित होते हैं लेकिन हफ्ता बीतते ही जवानों को उन्हीं परिस्थितियों का सामना करना पड़ता जिससे हताश उनका साथी खुदकुशी कर चुका था। गत एक दशक के दौरान बस्तर में डेढ़ सौ से अधिक जवान आत्महत्या या फिर अपने ही साथी के क्रोध में मारे गए। कहने की आवश्यकता नहीं है कि कोई भी जवान ऐसे कदम बेहद तनाव या असुरक्षा की भावना से ग्रस्त होकर उठाता है। आखिर वे दबाव में क्यों ना हों? ना तो उन्हें साफ पानी मिल रहा है और ना ही माकूल स्वास्थ्य सेवाएं। जानकर दुख होगा कि नक्सली इलाके में सेवा दे रहे जवानों की मलेरिया जैसी बीमारी का आंकड़ा उनके लड़ते हुए शहीद होने से कहीं ज्यादा होता है। वर्ष 2020 के दौरान नक्सल हिंसाग्रस्त इस राज्य में 38 जवानों ने आत्महत्या की। अगले साल 2021 में यह संख्या 24 और 2022 में 31 हो गई। सन 2023 में 22 और 2024 में 29 जवान इस तरह असामयिक काल के गाल में समा गए। ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ने कोई दो दशक पहले एक जांच दल बनाया था जिसकी रिपोर्ट जून-2004 में आई थी। इसमें घटिया सामाजिक परिवेश, प्रमोशन की कम संभावनाएं, अधिक काम, तनावग्रस्त कार्य, पर्यावरणीय बदलाव, वेतन-सुविधाएं जैसे मसलों पर कई सिफारिशें की गई थीं। इनमें छुट्टी देने की नीति में सुधार, जवानों से नियमित वार्तालाप, शिकायत निवारण को मजबूत बनाना, मनोरंजन व खेल के अवसर उपलब्ध करवाने जैसे सुझाव थे। इन पर कागजी अमल भी हुआ, लेकिन जैसे-जैसे देश में उपद्रव ग्रस्त इलाका बढ़ता जा रहा है अर्ध सैनिक बलों व फौज के काम का दायरे में विस्तार हो रहा है। यह एक कड़ा सच है कि हर साल दंगा, नक्सलवाद, अलगाववादियों, बाढ़ और ऐसी ही विकट परिस्थितियों में संघर्ष करने वाले इस बल के लोग मैदान में लड़ते हुए मरने से कहीं ज्यादा गंभीर बीमारियों से मर जाते हैं। यह बानगी है कि जिन लोगों पर हम मरने के बाद नारे लुटाने का काम करते हैं, उनकी नौकरी की शर्तें किस तरह असहनीय, नाकाफी और जोखिमभरी हैं। अपने ही साथी या अफसर को गोली मार देने के मामले भी आए रोज सामने आ रहे हैं। कुल मिलाकर सुरक्षा बल दुश्मन से नहीं, खुद से ही जूझ रही है। सुदूर बाहर से आए केंद्रीय बलों के जवान ना तो स्थानीय भूगोल से परिचित हैं, ना ही उन्हें स्थानीय बोली-भाषा-संस्कार की जानकारी होती है और ना ही उनका कोई अपना इंटेलिजेंस नेटवर्क बन पाया है। वे तो मूल रूप से स्थानीय पुलिस की सूचना या दिशा-निर्देश पर ही काम करते हैं। बस्तर में बहुत सी जगह निर्माणाधीन सड़क की निगरानी के लिए सुरक्षा बलों की दैनिक ड्यूटी लगाई जा रही है। असल में केंद्रीय फोर्स का काम दुश्मन को नष्ट करने का होता है ना कि चौकसी करने का। यह किसी से छिपा नहीं है कि स्थानीय पुलिस की फर्जी व शोषण की कार्यवाहियों के चलते दूरस्थ अंचलों के ग्रामीण खाकी वर्दी पर भरोसा करते नहीं हैं। अधिकांश मामलों में स्थानीय पुलिस की गलत हरकतों का खामियाजा केंद्रीय बलों को झेलना पड़ता है।

बेहद घने जंगलों में लगतार सर्चिग व पेट्रोलिंग का कार्य बेहद तनावभरा है, यहां दुश्मन अदृश्य है, हर दूसरे इंसान पर शक होता है, चाहे वह छोटा बच्चा हो या फिर फटेहाल ग्रामीण। पूरी तरह बस अविश्वास, अनजान भय और अंधी गली में मंजिल की तलाश। इस पर भी हाथ बंधे हुए, जिसकी डोर सियासती आकाओं के हाथों में है। सीआरपीएफ की रपट में यह माना गया है कि लंबे समय तक तनाव, असुरक्षा व एकांत के माहौल ने जवानों में दिल के रोग बढ़ाए हैं। वहीं घर वालों का सुख-दुख ना जान पाने का दर्द भी उनको भीतर ही भीतर तोड़ता रहता है। तिस पर वहां मनोरंजन के कोई साधन हैं नहीं और ना ही जवान के पास उसके लिए समय है। महज साफ पानी, मच्छर से निबटने के उपाय, जवानों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कुछ ऐसे उपाय हैं जो कि सरकार नहीं तो समाज अपने स्तर पर अपने जवानों के लिए मुहैया करवा सकता है ताकि जवान एकाग्र चित्त से देश के दुश्मनों से जूझ सकें।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी है...



संकलित
दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

## मंजिल तक कैसे पहुँचा जाए



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक संत ने अपने दो भक्तों को बुलाया और कहा आप को यहाँ से पचास कोस जाना है। एक भक्त को एक बोरी खाने के समान से भर कर दी और कहा जो लायक मिले उसे देते जाना। और एक को खाली बोरी दी उससे कहा रास्ते मे जो उसे अच्छा मिले उसे बोरी में भर कर ले जाए। दोनों निकल पड़े जिसके कंधे पर समान था वो धीरे चल पा रहा था। खाली बोरी वाला भक्त आराम से जा रहा था। थोड़ी दूर उसको एक सोने की ईंट मिली उसने उसे बोरी में डाल लिया। थोड़ी दूर चला फिर ईंट मिली उसे भी उठा लिया। जैसे-जैसे चलता गया उसे सोना मिलता गया और वो बोरी में भरता हुआ चल रहा था। और बोरी का वजन बढ़ता गया उसका चलना मुश्किल होता गया और साँस भी चढ़ने लग गई। एक एक कदम आगे चलना कठिन होता गया। दूसरा भक्त जैसे-जैसे चलता गया रास्ते में जो भी मिलता उसको बोरी में से खाने का कुछ समान देता गया धीरे-धीरे बोरी का वजन कम होता गया। और उसका चलना आसान होता गया। जो बाँटता गया उसका गंतव्य स्थान तक पहुँचना आसान होता गया। और जो लालच में आकर इकट्ठा करता रहा वो रास्ते में ही दम तोड़ गया। हम सभी को अब ये सोचना चाहिए कि हमने जीवन में क्या बाँटा और क्या इकट्ठा किया हम मंजिल तक कैसे पहुँच पाएँगे। आखिर लालच ही बुरी बला है।

अंतर्मन




आज की पाती

### आनलाइन गेमिंग की लत से युवाओं को मिलेगा छुटकारा

देश में लाखो लोग रातों-रात करोड़पति बनने के लिए आनलाइन गेम में पैसे लगाते हैं। युवाओं में बढ़ने चलन से हजारों परिवार प्रभावित हुए है। यह सट्टा है। जिससे हजारों परिवार जाने अनजाने में इससे नुकसान उठा ही रहे हैं। यह लत न केवल परिवार के लिए घातक है, बल्कि युवाओ का जीवन बर्बाद करने में कमतर नही है। देश में लाखो लोग आनलाइन गेमिंग से अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई बर्बाद कर रहे हैं। यह व्यसन बर्बादी की कगार पर लाकर खड़ा करता है।

-कांतिलाल मांडोत, सूरत

ट्रेंड

### विकास कार्यों का लोकार्पण



एनडीए सरकार बिहार के चहुंमुखी विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में आज गया जी की पवित्र धरती से हजारों करोड़ रुपये के विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास का सौभाग्य मिला है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### प्रो. गोकुलानंद का योगदान



उत्कल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. गोकुलानंद दास ने अपने पीछे एक अमिट शैक्षणिक विरासत छोड़ी है। एक प्रख्यात गणितज्ञ और अद्भुत शिक्षक, गणित और अनुसंधान के क्षेत्र में उनका योगदान सदैव प्रेरणादायी रहेगा।

- धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षामंत्री

### पालकी उत्सव



पालकी उत्सव के पावन अवसर पर मुझे श्री देवी भगवती देवस्थान, पारसे में पूजा-अर्चना करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। गोवा के लोगों की शांति, समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। देवी भगवती हर घर, हर हृदय पर असीम कृपा बरसाएँ।

- डॉ. प्रमोद सावंत, सीएम, गोवा

### कोर्ट के निर्देशों का स्वागत



आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट के संशोधित निर्देशों का स्वागत है, क्योंकि यह पशु कल्याण और जन सुरक्षा के बीच संतुलन बनाने की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है। यह दृष्टिकोण न केवल करुणामय है, बल्कि वैज्ञानिक तर्क पर आधारित भी है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

करंट अफेयर

## जलवायु परिवर्तन से प्रभावित हो रही कनाडा में आजीविका



अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) वर्षों से यह चेतावनी देता रहा है कि जलवायु परिवर्तन से कामकाज के हालात, तौर-तरीकों और उपलब्धता पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। एक ओर जहां जंगल की आग और अन्य मौसम संबंधी घटनाएं जंगलों को नष्ट करके लोगों के लिए खतरे पैदा कर रही हैं, तो दूसरी ओर समुद्र का तापमान बढ़ने से समुद्री क्षेत्रों में रहने वाले लोगों और मत्स्य पालन पर असर पड़ रहा है। मैंने अपने सहकर्मियों के साथ मिलकर कनाडा में 'वर्क-लाइफ' नामक एक शोध प्रोजेक्ट का नेतृत्व किया था, जिसमें जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जुड़ी सच्चाई सामने आई। पिछले चार वर्षों में, हमारी शोध टीम ने सात प्रांतों के विभिन्न क्षेत्रों में 100 से ज्यादा लोगों की तस्वीरें और साक्षात्कार लिया। हमने उनके कामकाज के सामाजिक अर्थों पर ध्यान केंद्रित किया। इस दौरान हमें कामकाज के ऐसे सूक्ष्म व प्रत्यक्ष तरीके भी देखने को मिले जिनके कारण बदलती पर्यावरणीय परिस्थितियां लोगों के कामकाजी जीवन के सामाजिक व आर्थिक ताने-बाने को बिगाड़ रही हैं। हम अपने दो प्रोजेक्ट स्थलों का उपयोग यह दर्शाने के लिए कर रहे हैं कि जलवायु परिवर्तन किस प्रकार आजीविका को प्रभावित कर रहा है। इन दो स्थलों में उत्तरी सस्केचवान में लाक ला रोन्ज और न्यू ब्रंसविक में ग्रैंड मनन द्वीप शामिल हैं।

ऑफ बीट

## आनुवांशिक जानकारी से जान सकते हैं बहुत कुछ



कई वैज्ञानिक शोध अध्ययन एक विशिष्ट शोध प्रश्न का उत्तर देने के लिए डेटा एकत्र करते हैं। उदाहरण के लिए, मधुमेह की आनुवंशिकी का अध्ययन करने के लिए, शोधकर्ता आनुवंशिक डेटा के अलावा आपके रक्तचाप और लिपिड स्तर पर डेटा एकत्र कर सकते हैं। वैज्ञानिक बायोबैंक में रखने के लिए बड़ी मात्रा में डेटा एकत्र कर रहे हैं - ऐसे भंडार जो आनुवंशिक डेटा और रक्त, मूत्र या ट्यूमर ऊतक जैसे अन्य जैव नमूनों को भविष्य के अध्ययनों की एक विस्तृत संख्या में उपयोग करने के लिए संग्रहीत करते हैं। कुछ बायोबैंक, जैसे यूके बायोबैंक, बायोस्पेसिमेन डेटा को अन्य एकत्रित डेटा, जैसे यौन व्यवहार, चिकित्सा इतिहास, वजन, आहार और जीवन शैली से जोड़ते हैं। वे अक्सर आश्चर्यचकित होते हैं कि जिस आनुवंशिक डेटा को उन्होंने डीएनए परीक्षण किट का उपयोग करके या अपने स्थानीय क्लिनिक का दौरा करते समय एक निजी कंपनी में अनुसंधान के लिए उपयोग करने की सहमति दी थी, उसका उपयोग समलैंगिक यौन व्यवहार या जोखिम के आनुवंशिकी का अध्ययन करने के लिए किया जा सकता है। बायोबैंक डेटा के साथ जो शोध किया जा सकता है वह डरावना लग सकता है, लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com





*उत्तरकाशी/देहरादून: उत्तरकाशी में धराली आपदा के जख्म अभी हरे ही हैं, वही अब बड़कोट तहसील के अंतर्गत स्यानाचट्टी के पास गढ़गाड नाले में मलबा और बोल्डर आने के कारण यमुना नदी में झील बन गई। जिसका जलस्तर बढ़ने से इसका पानी लोगों के होटलों और घरों में घुस गया। प्रशासन में एहतियातन सभी होटलों और घरों को खाली करवा कर करीब 150 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया है। वहीं, आसपास के गांव में भी अलर्ट किया गया है। यमुनोत्री हाइवे पर गढ़गाड नाला रौद्र रूप में आ गया। वर्तमान में यहां बचाव कार्य जारी है।*

## उत्तरकाशी में एक और आपदा

# स्यानाचट्टी बनी झील









## खबर संक्षेप

### एनडीए सांसदों में बेचैनी : राउत

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने दावा किया कि भाजपा उपराष्ट्रपति चुनाव में समर्थन जुटाने के लिए भाजपा के घटक दलों से संपर्क कर रही है, क्योंकि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के एनडीए सांसदों में बेचैनी है और उसे क्रॉस-वोटिंग का डर है। जिस तरह 2007 के राष्ट्रपति चुनाव में भाजपा की तत्कालीन सहयोगी शिवसेना ने कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए की उम्मीदवार प्रतिभा पाटिल का समर्थन किया था, क्योंकि वह महाराष्ट्र से थीं, उसी तरह एनडीए को भी डर है कि आंध्र और तेलंगाना के सांसद विपक्षी उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी का समर्थन कर सकते हैं।

### लश्कर एजेंट दो सरकारी कर्मचारी बर्खास्त

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आतंकवादी संगठनों से संबंध रखने के आरोप में दो सरकारी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया। यह कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद 311(2)(C) के तहत की गई है, जो राज्य को राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में बिना जांच के कर्मचारी को बर्खास्त करने का अधिकार देता है। बर्खास्त किए गए कर्मचारियों में शामिल हैं, खुर्शीद अहमद राथर-करनाह, कुपवाड़ा में कार्यरत एक शिक्षक, सियाद अहमद खान- केरन, कुपवाड़ा में भेड़ पालन विभाग में सहायक स्टॉकमैन हैं।

## सुप्रीम कोर्ट का चुनाव आयोग को बड़ा आदेश

# बिहार एसआईआर, 11 दस्तावेजों में आधार कार्ड भी करना होगा शामिल

*बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन (एसआईआर) को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को बड़ा आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि वोटर लिस्ट में सुधार के लिए 11 दस्तावेजों में आधार कार्ड को भी शामिल किया जाए। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य निर्वाचन अधिकारी शुक्रवार के आदेश की जानकारी राजनैतिक दलों को दें। इसके अलावा बिहार एसआईआर की समय सीमा बढ़ाने से फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कोर्ट ने कहा है कि अगर भारी प्रतिक्रिया आती है तो डेडलाइन बढ़ाने पर विचार कर सकते हैं। बता दें, चुनाव आयोग की तरफ से वोटर लिस्ट रिवीजन के लिए जो 11 दस्तावेज मांगे गए थे, उनमें आधार कार्ड को शामिल नहीं किया गया था, जिसके बाद कोर्ट ने साफ किया कि इसमें आधार को भी शामिल किया जाए। इस दौरान, चुनाव आयोग ने बताया कि मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख लोगों की बूथ-वार सूची वेबसाइट पर डाल दी गई है। इन लोगों को सुधार के लिए आवेदन या फॉर्म 6 भरकर दावा करना होगा।

### सियासी दलों की चुप्पी पर भी जताई हैरानी



### ऑनलाइन भी कर सकते हैं आवेदन

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सभी पार्टियों के बीएलए उन 65 लाख लोगों की लिस्ट चेक करें, जिनके नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में शामिल नहीं किए गए हैं। हम 14 अगस्त के आदेश को दोहराते हैं और कहते हैं कि वे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और किसी भी प्रकार के शारीरिक तौर पर आवेदन की जरूरत नहीं है। यानी लोगों को अपना नाम जुड़वाने या सुधार करवाने के लिए बिहार आने की जरूरत नहीं है।

### बहुत कम आपत्तियां हैरान करने वाली

कोर्ट ने अपने फैसले में राजनीतिक दलों को न सिर्फ इस मामले में शामिल किया, बल्कि उन्हें सक्रिय रूप से लोगों की मदद करने का निर्देश भी दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह हैरान करने वाला है कि इतनी बड़ी संख्या में बीएलए होने के बावजूद बहुत कम आपत्तियाँ दर्ज की गई हैं। कोर्ट ने कहा, 'अगर राजनीतिक दल ज्यादा जिम्मेदार होते और अपनी जिम्मेदारियों का सही ढंग से पालन करते, तो आज हालात बहुत बेहतर होते।'

### वकील भूषण का यह था आरोप

*याचिकाकर्ताओं के वकील प्रशांत भूषण ने आरोप लगाया था कि चुनाव आयोग आधार कार्ड के अलावा दूसरे दस्तावेजों पर जोर दे रहा है। इस पर कोर्ट ने साफ किया कि आधार कार्ड को वैध प्रमाण के रूप में स्वीकार करना होगा और किसी अतिरिक्त दस्तावेज की जरूरत नहीं है।*

### चुनाव आयोग और याचिकाकर्ताओं की दलीलें

*चुनाव आयोग के वकील राकेश द्विवेदी ने कोर्ट को बताया कि 65 लाख हटाए गए नामों में से 22 लाख मृत पाए गए हैं और 8 लाख डुप्लिकेट हैं। उन्होंने कहा कि लोग अगर ख़ुद आगे आते हैं तो उनके दावों की जाँच की जाएगी। वहीं, याचिकाकर्ताओं की ओर से वकील प्रशांत भूषण और वृंदा ग्रोवर ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग जमीनी स्तर पर काम नहीं कर रहा और खुद ही दिक्कतें पैदा कर रहा है। भूषण ने यह भी आरोप लगाया कि सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी आरजेडी ने सिर्फ आधे निर्वाचन क्षेत्रों में ही बीएलए तैनात किए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सभी 12 राजनीतिक दलों को इस फैसले की जानकारी देने और कोर्ट में पेश होकर एक स्टेटस रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि वे इस मामले पर अपनी नजर बनाए रखेंगे।*

## उपराष्ट्रपति चुनाव

# नायडू ने राधाकृष्णन को दिया समर्थन, कहा- वे देशभक्त हैं, देश को गर्व



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने एनडीए के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का समर्थन किया है। उन्होंने शुक्रवार को टीडीपी सांसदों संग नई दिल्ली में सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने मीडिया से कहा कि वह उपराष्ट्रपति पद के लिए सबसे उपयुक्त उम्मीदवार हैं। नायडू ने कहा, 'हमें बहुत खुशी है कि एनडीए ने सीपी राधाकृष्णन को भारत के उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार चुना है। वह सबसे उपयुक्त उम्मीदवार हैं। हमें उन्हें अपना समर्थन देने में बहुत खुशी हो रही है। टीडीपी चुनाव से पहले एनडीए में शामिल हुई थी। दिल्ली और आंध्र प्रदेश, दोनों जगहों पर एनडीए की सरकार है।' राधाकृष्णन एक सज्जन व्यक्ति हैं। वह बहुत देशभक्त भी हैं। वह हमारे देश का गौरव बढ़ाएंगे, हम सब साथ हैं।

### विपक्षी उम्मीदवार रेड्डी नक्सल समर्थक : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता अमित शाह ने विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार न्यायमूर्ति बी. सुदर्शन रेड्डी पर नक्सलवाद का 'समर्थन' करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर उन्होंने सलवा जुडूम पर फैसला नहीं सुनाया होता, तो देश में माओवाद 2020 से पहले ही समाप्त हो गया होता। शाह ने कहा कि कांग्रेस द्वारा उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार चुने जाने से केरल में पार्टी की जीत की संभावना और कम हो गई है। गृह मंत्री ने एक मीडिया संस्थान के कार्यक्रम में सलवा जुडूम पर 2011 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा, 'सुदर्शन रेड्डी वही व्यक्ति हैं जिन्होंने नक्सलवाद की मदद की। उन्होंने सलवा जुडूम पर फैसला सुनाया। अगर सलवा जुडूम पर फैसला नहीं सुनाया गया होता, तो नक्सली आतंकवाद 2020 तक खत्म हो गया होता। वह वही व्यक्ति हैं जो सलवा जुडूम पर फैसला देने वाली विचारधारा से प्रेरित थे।'

## कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया बोले

# बेंगलुरु भगदड़ के लिए सरकार नहीं बल्कि हालात हैं जिम्मेदार

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरू

कर्नाटक विधानसभा में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को बेंगलुरु भगदड़ पर जवाब देते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं सिर्फ कर्नाटक में नहीं, बल्कि देश और दुनिया में कई बार हुई हैं। पिछले 10 सालों में भाजपा शासित राज्यों में ही 20 भगदड़ हो चुकी है। सिद्धारमैया ने कहा कि इसके लिए कांग्रेस सरकार जिम्मेदार नहीं है, भगदड़ हमेशा भीड़ के अचानक बेकाबू हो जाने से होती है। बेंगलुरु के लोगों ने आरसीबी की जीत को अपनी जीत माना। इस वजह से भीड़ का नियंत्रण बिगड़ गया और हादसा हुआ। उन्होंने भाजपा के आरोपों पर कहा, जब कोरोना काल में चामराजनगर में ऑक्सीजन की कमी से 36 लोगों की मौत हुई थी, तब क्या आपने (भाजपा ने) तत्कालीन मुख्यमंत्री बोम्मई को जिम्मेदार और दोषी कहा था? दरअसल, आईपीएल 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की पहली खिताबी जीत के जश्न के दौरान 4 जुलाई को चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच गई थी। इस हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। सिद्धारमैया देशभर में प्रयागराज कुंभ मेला, मोरबी पुल हादसदा जैसे भाजपा सरकार वाले राज्यों में हुई भगदड़ की आधा दर्जन घटनाओं का भी जिक्र किया।



### कुन्हा आयोग की रिपोर्ट आरसीबी,इवेंट कंपनी और राज्य क्रिकेट संघ जिम्मेदार

जस्टिस जॉन माइकल कुन्हा आयोग की भगदड़ को लेकर रिपोर्ट 26 जुलाई को सामने आई थी। इसमें स्टेडियम को बड़े आयोजनों के लिए असुरक्षित बताया गया था। रिपोर्ट में कहा गया- स्टेडियम की डिजाइन ऐसी नहीं है कि वहां बड़ी संख्या में लोग सुरक्षित तरीके से इकट्ठा हो सकें। स्टेडियम में भीड़ नियंत्रण, प्रवेश और निकासी व्यवस्था, पार्किंग और इमरजेंसी प्लान जैसी बुनियादी सुविधाओं की गंभीर कमी है। आयोग ने कहा, भविष्य में ऐसे बड़े आयोजन सिर्फ उन स्थानों पर हों जहां अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानक पूरे किए जाते हों। साथ ही पुराने स्टेडियमों में जरूरी सुधार के बिना कोई बड़ा आयोजन न हो।

## निजी विदेश दौरों पर किया सरकारी पैसा खर्च

# भ्रष्टाचार : श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति विक्रमसिंघे गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶| कोलंबो

श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को शुक्रवार को सरकार पैसे के गबन के आरोप में गिरफ्तार किया गया। श्रीलंका के क्रिमिनल इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट (सीआईडी) ने गिरफ्तार किया है। विक्रमसिंघे पर आरोप है कि उन्होंने निजी विदेश दौरों पर सरकारी पैसा खर्च किया। विक्रमसिंघे पर आरोप है कि सितंबर 2023 में जब वे लंदन के दौरे पर गए थे, उन्होंने वहां सरकारी फंड का इस्तेमाल किया था। असल में वे तब लंदन दौरे पर इसलिए गए थे क्योंकि वहां पर उनकी पत्नी का ब्रिटिश यूनिवर्सिटी में सम्मान होना था।

लेकिन अब उसी दौरे को लेकर उनकी मुश्किलें बढ़ चुकी हैं और पुलिस उनसे पूछताछ भी कर रही है। 2022 में बने थे श्रीलंका के राष्ट्रपति- विक्रमसिंघे 2022 में श्रीलंका के राष्ट्रपति बने थे और 2024 तक वे उस कुर्सी पर रहे। पिछले साल उन्होंने फिर चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। वैसे विक्रमसिंघे को लेकर कहा जाता है कि उन्होंने अभूतपूर्व आर्थिक संकट के दौरान द्वीप राष्ट्र का नेतृत्व किया। उन्होंने आर्थिक सुधार लाए और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से राहत पैकेज हासिल किया।

### यह है आरोप

पुलिस के आरोप हैं कि रानिल विक्रमसिंघे ने सिर्फ अपने निजी दौरे के लिए ही सरकारी फंड का इस्तेमाल नहीं किया था, उन्होंने एक कदम आगे बढ़ अपने बॉडीगार्ड का खर्चा भी सरकारी खजाने से किया। इसी मामले में शुक्रवार को वे सीआईडी के दफ्तर पहुंचे थे, वहां उन्होंने अपना बयान भी दर्ज किया। लेकिन जब पुलिस उनके बयान से संतुष्ट नहीं हुई, ऐसे में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।



**BILASPUR: PARSADA, TRANSPORT NAGAR:** M SQUARE MOTORS: 7000857522 | **INDUSTRIAL AREA, SIRGITTI:** SATYA AUTO PVT. LTD.: 9425280148 | **KORBA: SHED NO 10, RAJGAMAR ROAD, INDUSTRIAL AREA:** SATYA AUTO PVT. LTD.: 9516014225 | **RAIGARH: NH49, ODISHA ROAD, BANJIPALI, RAIGARH:** SATYA AUTO PVT. LTD.: 9109194894 | **AMBIKAPUR: MAHAMAYA AUTO CARS:** 7583887512, 6261683314.

## खबर संक्षेप

### घरेलू आर्थिक परिदृश्य की आरबीआई ने की समीक्षा



**लखनऊ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय निदेशक मंडल ने शुक्रवार को भू-राजनीतिक स्थिति और वित्तीय बाजार की चुनौतियों समेत वैश्विक एवं घरेलू आर्थिक परिदृश्य की समीक्षा की। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में यहां केंद्रीय निदेशक मंडल की 618वीं बैठक आयोजित की गई।

### ग्लोबटियर का आईपीओ 25 अगस्त को खुलेगा




**मुंबई।** ग्लोबटियर इन्फोटेक ने अपने 1.02 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य 72 रुपये प्रति शेयर तय किया है। यह निर्गम 25 अगस्त को अभिदान के लिए खुलेगा। कंपनी ने बयान में कहा कि आईपीओ में 38.11 लाख नए शेयर और पांच लाख शेयर की बिक्री पेशकश का संयोजन है।

### स्नेहा ऑर्गेनिक्स का आईपीओ 29 अगस्त को खुलेगा

Committed to Quality
SNEHAA ORGANICS

**नई दिल्ली।** हरित एवं टिकाऊ समाधान प्रदाता स्नेहा ऑर्गेनिक्स ने अपने आगामी आईपीओ के लिए 115 रुपये से 122 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। यह आईपीओ 29 अगस्त को अभिदान के लिए खुलेगा। 32.68 करोड़ रुपये का आईपीओ पूरी तरह से 27 लाख नए शेयर पर आधारित है। यह दो सितंबर को संपन्न होगा।

### वेस्टब्रिज, एडलवाइस में हिस्सेदारी खरीदेगी

**नई दिल्ली।** वैश्विक निवेश कंपनी वेस्टब्रिज कैपिटल, एडलवाइस एसेट मैनेजमेंट में 15 प्रतिशत हिस्सेदारी 450 करोड़ में खरीदेगी। एडलवाइस फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस लेनदेन के जरिये संपत्ति प्रबंधन कंपनी का कुल मूल्यांकन लगभग 3,000 करोड़ रुपये बैठता है।

### अपोलो हॉस्पिटल्स के प्रवर्तक ने बेची 1.3 फीसदी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** अपोलो हॉस्पिटल्स की प्रबंध निदेशक सुनीता रेड्डी के नेतृत्व वाले उसके प्रवर्तक समूह ने स्वास्थ्य सेवा कंपनी में 1.3 प्रतिशत हिस्सेदारी 1,489 करोड़ रुपये में बेच दी है। शेयर बाजारों पर थोक सौदों के माध्यम से अपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइज लिमिटेड में 1.3 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर 18,97,239 शेयर 7,850 रुपये प्रति शेयर के मूल्य पर बेचे हैं। इसमें कहा गया कि बिक्री से प्राप्त राशि का इस्तेमाल प्रवर्तक समूह के बकाया ऋण को कम करने में किया जाएगा।

### आशीष कुमार ने कोल इंडिया के निदेशक का पद संभाला

**कोलकाता।** आशीष कुमार ने सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के निदेशक (व्यवसाय विकास) पद का कार्यभार संभाल लिया है। सीआईएल ने बयान में कहा कि वह देबाशीष नंदा के बाद इस पद पर आसीन होने वाले दूसरे कार्यकारी हैं। नंदा जून में सेवानिवृत्त हो गए थे। निदेशक (व्यवसाय विकास) का पद जुलाई 2022 में सृजित किया गया था। नंदा इस पद पर पहली नियुक्ति थे। कुमार सीआईएल नवकर्णीय ऊर्जा लिमिटेड के निदेशक भी रहे।जो अप्रैल 2021 में स्थापित एक पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है, जिसका उद्देश्य कंपनी को नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में प्रवेश दिलाना है। कंपनी ने कहा कि सीआईएल में कुमार ने घरेलू एवं विदेशी दोनों स्तरों पर महत्वपूर्ण खनिज कारोबार में कंपनी का नेतृत्व किया है।

# फाइल टाइम पर नहीं कर पाए रिटर्न तो नो टेंशन, आईटीआर-यू बनेगा आपका हथियार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने आयकर रिटर्न फाइल की आखिरी तारीख बढ़ा दी है। इसी के चलते विभाग ने आईटीआर-यू (अपडेटेड) फॉर्म को भी नोटीफाई किया है। इस फॉर्म के जरिए टैक्स पेयर्स अपनी पुरानी गलतियों को सुधार सकते हैं और इसके जरिए पुराना आईटीआर भी दाखिल किया जाता है। भारत सरकार ने वित्त अधिनियम 2022 में आईटीआर (यू) को आयकर अधिनियम की धारा 139(8ए) के तहत पेश किया गया था और वित्त अधिनियम 2025 के जरिए इसमें संशोधन किया गया। आईटीआर-यू के साथ, टैक्सपेयर्स कर दाखिल करने की गलतियों को सुधार सकते हैं, छूटी हुई आय को जोड़ सकते हैं या गलत डिटेल को सुधार सकते हैं।

■ आईटीआर यू फाइल को 4 सालों तक बढ़ा दिया गया है

## इस फार्म के जरिए टैक्स पेयर्स अपनी पुरानी गलतियों को सुधार सकते हैं

### क्या देना होगा ज्यादा टैक्स?

आईटीआर-यू दाखिल करते समय आपको अतिरिक्त कर देना पड़ता है। अगर आप मूल्यांकन वर्ष की समाप्ति से 12 महीने के अंदर रिटर्न दाखिल करते हैं, तो 25% अतिरिक्त कर देना होगा। 24 महीनों के लिए 50 प्रतिशत, 36 महीनों के लिए 70 प्रतिशत और 48 महीनों के लिए भी 70 प्रतिशत अतिरिक्त कर देना होगा। इसलिए, ये याद रखना जरूरी है कि अपडेटेड रिटर्न का मकसद उस कर का भुगतान करना है, जो आपने पहले रिटर्न दाखिल करते समय नहीं चुकाया न कि रिफंड का दावा करना।




### कौन दाखिल कर सकता है और कौन नहीं?

जो भी व्यक्ति अपने मूल आयकर रिटर्न, संशोधित रिटर्न या देरी से रिटर्न में कोई गलती करता है या कोई आय का विवरण छोड़ देता है, वह आईटीआर-यू दाखिल करने के लिए एलिजिबल हैं। हालांकि, कुछ ऐसे भी टैक्सपेयर्स हैं जो इसे नहीं भर सकते हैं। उनके लिए कुछ शर्तें कुछ इस प्रकार हैं-

### दाखिल करने की समय सीमा क्या है?

आईटीआर-यू दाखिल करने की आखिरी तारीख संबंधित मूल्यांकन वर्ष की समाप्ति से 48 महीने बाद है. यानी, मूल्यांकन वर्ष 2025-26 के लिए आईटीआर-यू की अंतिम तारीख 31 मार्च 2030 है। इसी तरह, मूल्यांकन वर्ष 2024-25 के लिए अंतिम तारीख 31 मार्च 2029 है।

### निम्न शर्तें लागू

शर्त के अनुसार जिसने पहले ही अपडेटेड रिटर्न दाखिल कर दिया हो, जो शून्य रिटर्न या नुकसान का रिटर्न दाखिल करना चाहता हो, जो रिफंड का दावा करना या रिफंड की राशि बढ़ाना चाहता हो, जिसके अपडेटेड रिटर्न से कर देयता कम हो जाती हो, जिसके खिलाफ आयकर विभाग ने धारा 132 के तहत तलाशी शुरू की हो, जिसके बही-खाते, दस्तावेज या संपत्ति आयकर विभाग ने जब्त की हो, जिसका कोई मूल्यांकन, पुनर्मूल्यांकन, संशोधन या पुनर्गणना लंबित हो या पूरा हो चुका हो।

## चेयरमैन पांडेय ने एम्फी के कार्यक्रम में दी जानकारी

# म्यूचुअल फंड योजनाओं में नई महिला निवेशकों को अतिरिक्त प्रोत्साहन देने की तैयारी: सेबी

एजेंसी ⏭ मुंबई

बाजार नियामक सेबी म्यूचुअल फंड योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए पहली बार निवेश करने वाली महिला निवेशकों के लिए विशेष प्रोत्साहन देने की योजना पर विचार कर रहा है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शुक्रवार को भारतीय म्यूचुअल फंड संघ (एम्फी) के एक कार्यक्रम में यह जानकारी दी। पांडेय ने कहा, ''वित्तीय समावेशन तब तक पूरा नहीं होगा जब तक इसमें महिलाओं की समान भागीदारी नहीं होगी। इसलिए हम पहली बार निवेश करने वाली महिला निवेशकों के लिए अतिरिक्त वितरण प्रोत्साहन लाने पर विचार कर रहे हैं।''

### प्रस्ताव से नए निवेशक जुड़ेंगे

सेबी प्रमुख ने कहा कि सेबी म्यूचुअल फंड उद्योग को बढ़ावा देने और निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए कई कदम उठा रहा है। हाल ही में दूसरी एवं तीसरी श्रेणी के शहरों के नए व्यक्तिगत निवेशकों के निवेश पर वितरकों को प्रोत्साहन देने का प्रस्ताव रखा गया है।

**निवेश में महिलाओं की भी समान भागीदारी जरूरी**

**महिलाओं के लिए अतिरिक्त वितरण प्रोत्साहन लाने पर विचार**

**सेबी निवेशकों के हितों के लिए कई कदम उठा रहा**




### एमएफ योजनाओं के वर्गीकरण की समीक्षा जारी

सेबी प्रमुख ने कहा कि निवेश उत्पादों में लचीलापन और स्पष्टता लाने के साथ एक ही तरह की फंड योजनाओं में निवेश की समस्या को दूर करने के लिए म्यूचुअल फंड योजनाओं के वर्गीकरण की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में चलाई जा रही परामर्श प्रक्रिया से मिलने वाले सुझावों के आधार पर अगले कदम तय होंगे।

### एमएफ के नियमों को सरल किया जाएगा

आने वाले महीनों में बाजार नियामक म्यूचुअल फंड नियमों के व्यापक सरलीकरण पर भी काम करेगा, ताकि उद्योग के लिए अनुपालन आसान बने और निवेशकों के हितों की रक्षा भी सुनिश्चित की जा सके।

### एमएफ के लिए रिपोर्ट जमा करने की अनिवार्यता खत्म

पांडेय ने कहा, ''ये उपाय उद्योग को अधिक पारदर्शी और निवेशक अनुकूल बनाने में मददगार होंगे।'' उन्होंने बताया कि 'कारोबारी सुगमता' और अनुपालन को सरल बनाने की दिशा में सेबी ने हाल ही में म्यूचुअल फंड से मांगी जाने वाली रिपोर्टों की समीक्षा की है। इनकी समीक्षा के बाद 52 से अधिक रिपोर्ट, नोटिस और परिशिष्ट जमा करने की अनिवार्यताएं खत्म कर दी गई हैं।

### सेबी के नए कार्यकारी निदेशकों ने संभाला कार्यभार

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बताया कि उसके तीन नए कार्यकारी निदेशकों... अमित प्रधान, अवनीश पांडेय और संजय चंद्रकांत पुराओ ने शुक्रवार को कार्यभार संभाल लिया। कार्यकारी निदेशक के रूप में पदोन्नति से पहले प्रधान, पांडेय और पुराओ सेबी में मुख्य महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। सेबी ने तीन अलग-अलग बयानों में कहा कि अपनी नई भूमिका में, प्रधान कानूनी मामलों और अभियोजन एवं निपटान विभाग का कार्यभार संभालेंगे, पांडेय सूचना प्रौद्योगिकी विभाग का प्रबंधन करेंगे जबकि पुराओ वित्त जांच विभाग, वसूली और धनवापसी के साथ-साथ आंतरिक जांच विभाग का भी कार्यभार संभालेंगे। अपनी पूर्व भूमिका में, प्रधान सेबी में मुख्य महाप्रबंधक और क्षेत्रीय निदेशक थे और नयी दिल्ली स्थित उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय के प्रमुख थे। पांडेय सेबी में मुख्य महाप्रबंधक रह चुके हैं। उनके पास प्रतिभूति बाजार नियामकीय क्षेत्र में लगभग तीन दशक का अनुभव है। पुराओ मुख्य महाप्रबंधक थे और 1996 में सेबी में शामिल होने के बाद से उन्होंने विभिन्न विभागों को संभाला है।

# महत्वपूर्ण संचार ढांचे के लिए विकसित की जा रहीं नीतियां

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दूरसंचार नियामक ट्राई ने शुक्रवार को कहा कि देश में महत्वपूर्ण संचार यानी क्रिटिकल कम्युनिकेशन से जुड़ी नीतियां और ढांचा तेजी से विकसित किया जा रहा है ताकि एक मजबूत, सुरक्षित और एकीकृत राष्ट्रीय प्रणाली बनाई जा सके।

महत्वपूर्ण संचार सेवाओं का इस्तेमाल आपातकालीन स्थितियों, सार्वजनिक सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, रक्षा और रेलवे एवं विमानन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में किया जाता है। इन संचार सेवाओं का हर हालत में चालू रहना जरूरी होता है। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के चेयरमैन ए. के. लाहोटी ने यहां ब्रॉडबैंड इंडिया फोरम के एक कार्यक्रम में कहा, ''नीतियां, स्पेक्ट्रम और मानक तेजी से तैयार किए जा रहे हैं ताकि देश में महत्वपूर्ण संचार के लिए एक लचीला और सुरक्षित ढांचा विकसित हो सके। लाहोटी ने बताया कि सरकार ने 2018 में राष्ट्रीय डिजिटल संचार नीति (एनडीसीपी-2018) के तहत सार्वजनिक संरक्षण एवं आपदा राहत (पीपीडीआर) नेटवर्क को सशक्त करने की घोषणा की थी।

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, वृत्त-अम्बिकापुर**

**द्वितीय निविदा आमंत्रण**

विज्ञापन क्र:-141

छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, वृत्त -अम्बिकापुर अंतर्गत जिला-सरगुजा अंतर्गत अम्बिकापुर में परिवहन विभाग के लिए आटोमेटेड कम्प्यूटराईज्ड ड्राईविंग टेस्ट ट्रैक (E-Track) निर्माण कार्य हेतु निविदा दिनांक **06.09.2025** तक एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण वेबसाईट www.cghb.gov.in एवं http://eproc.cgstate.gov.in पर उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, संभाग-अम्बिकापुर के मो.नं. 9424209101 पर संपर्क करें।

सं.45010 उपायुक्त

# विंजो, नजारा ने 'पैसे वाली' गेमिंग पेशकश बंद कीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ऑनलाइन गेमिंग मंच विंजो और नजारा टेक्नोलॉजीज समर्थित मूनशाइन टेक्नोलॉजीज (पोकरबाजी) ने शुक्रवार को कहा कि संसद में पारित ऑनलाइन गेमिंग विधेयक 2025 के मद्देनजर उसने पैसे से खेले जाने वाले अपने ऑनलाइन गेमिंग परिचालन को निलंबित कर दिया है।

ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक, 2025 सभी प्रकार के 'रियल मनी' वाले ऑनलाइन खेलों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाता है। साथ ही ई-स्पोर्ट्स और निःशुल्क सामाजिक खेलों के विकास को प्रोत्साहित करता है। यह बृहस्पतिवार को उच्च सदन में पारित हुआ है। कंपनी मूनशाइन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड जो पोकरबाजी का स्वामित्व एवं संचालन करती है उसने नए कानून के अनुरूप अपनी 'रियल मनी' की पेशकश को निलंबित कर दिया है। बयान में कहा गया, '' 21 अगस्त, 2025 को संसद द्वारा पारित ऑनलाइन गेमिंग विधेयक, 2025 के प्रचार एवं विनियमन के अनुसार और उसके अधिनियमित होने तक हम सूचित करना चाहते हैं कि अत्यधिक सावधानी के साथ एवं सरकार के आदेश का सम्मान करते हुए नजारा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड की 46.07 प्रतिशत हिस्सेदारी वाली अनुषंगी कंपनी ने 'रियल मनी' वाले ऑनलाइन गेमिंग संचालन की पेशकश बंद कर दी है।''

**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, मुंगेली (छ.ग.)**

**-: निविदा सूचना:-**

क्रमांक / निविदा/मत. सूची.मु./2025-26/1201 मुंगेली, दिनांक 14.08.2025

विषय:- मुंगेली जिले के सभी विधानसभाओं के मतदाता सूची का मुद्रण का निविदा सूचना।

मुंगेली जिले के अंतर्गत आने वाले विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 26-लोरमी, 27-मुंगेली (अ.जा.) एवं 29-बिल्हा (भाग संख्या 01 से 120 तक) के समस्त मतदान केन्द्रों के फोटोयुक्त मतदाता सूची के मुद्रण, कार्य भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार करने हेतु इच्छुक संस्था एवं योग्य फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का प्रारूप एवं निविदा की विस्तृत शर्ते कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के (निर्वाचन शाखा) से एवं जिले के वेबसाइट से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र विक्रय दिनांक 14.08.2025 से 28.08.2025 दोपहर 01:00 बजे तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। इच्छुक निविदाकार रू. 500/- नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते है। पूर्णतया भरे हुए निविदा प्रपत्र कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुंगेली के निर्वाचन शाखा कक्ष कमांक-255 में दिनांक 28.08.2025 को दोपहर 03:00 बजे तक जमा करना होगा। आमंत्रित निविदा दिनांक 28.08.2025 को ही शाम 04:00 बजे निविदाकारों के उपस्थिति में गठित समिति द्वारा निविदा खोली जावेगी।
(कलेक्टर एवं जिला निर्वा.अधि. महो. द्वारा अनुमोदित)

उप जिला निर्वाचन अधिकारी
हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी
मुंगेली (छ.ग.)

G-252603027/2

**छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कबीरधाम C/o कार्यालय प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेक्निक, कबीरधाम**
ग्राम एवं पोस्ट- महाराजपुर, राजनांदगांव रोड, तह बोड़ला, जिला-कबीरधाम
ई-मेल poly_kabirdham@rediffmail.com
वेब साइट www.gpkabirdham.ac.in
दूरभाष क्रमांक-07741-232636,07741 233306

क्रं./शापॉक/स्था./2025/........... कबीरधाम, दिनांक

**संशोधित विज्ञापन**
//Walk in interview//

छत्तीसगढ़ इंस्टीट्युट ऑफ टेक्नोलॉजी कबीरधाम मे निम्न विषय में पूर्णत: अस्थाई रूप से अंशकालीन आधार पर व्याख्याता के रूप में कार्य करने हेतु इच्छुक उम्मीदवारों को अपने बायोडॉटा, मूल दस्तावेजों एवं 01 सेट छायाप्रतियों के साथ वाक-इन इन्टरव्यू के लिए संस्था में आमंत्रित किया जाता है-

| स. क्रं. | विषय | रिक्त | न्युनतम शैक्षणिक अर्हतायें | साक्षात्कार की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | भौतिकी | 01 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यलय/संस्था से उपयुक्त विषय में प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि अथवा समकक्ष | 28.08.2025 |
| 02 | अंग्रेजी (कम्युनिकेशन स्किल) | 01 | | |

पूर्व में जारी विज्ञापन क्रमांक जी 252602711/1 में संशोधित किया जाता है। विज्ञापन की विस्तृत जानकारी संस्था के वेबसाइट www.gpkabirdham.ac.in में प्राप्त करें। उक्त पद की संख्या कम / ज्यादा अथवा स्थगित व निरस्त किया जा सकता है।

प्राचार्य
शासकीय पॉलीटेक्निक,
कबीरधाम

जी. 252603020/1

**कार्यालय, प्राधिकृत अधिकारी एवं संयुक्त वनमण्डलाधिकारी, उप वनमण्डल लैलूंगा, जिला रायगढ़ (छ.ग.)**

**सूचना**

एतद् द्वारा सर्व संबंधित हितबद्धों/संस्था को सूचित किया जाता है कि बाकारूमा परिक्षेत्र के ससकोबा परिसर अंतर्गत ससकोबा परिसर के कक्ष क्र. 96 आर.एफ. में दिनांक 21.05.2025 को समय 05:30 AM बजे वन परिक्षेत्र बाकारूमा के वन कर्मचारियों द्वारा एच.एफ. डिलक्स मोटर साईकिल नं. CG 13 AE 0044 को साल लट्ठा 11 नग = 9.900 घ.मी. अवैध परिवहन में संलिप्तता के कारण जप्त किया गया है। परिसर रक्षक ससकोबा द्वारा वन अपराध प्रकरण क्र. 19981/11, दिनांक 21.05.2025 दर्ज किया गया हैं। एच.एफ. डिलक्स मोटर साईकिल नं. CG 13 AE 0044 मय साल लट्ठा 11 नग = 9.900 घ.मी. को राजसात की कार्यवाही अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जा रही है।

उक्त जप्तशुदा वाहन मय वनोपज के अधिहरण की कार्यवाही के विरूद्ध यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत करना चाहता हो तो सूचना प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर इस न्यायालय में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर न्यायोचित अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के बाद कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी एवं प्रकरण में अधिहरण की एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए आदेश पारित कर दी जावेगी ।

(मकर लाल सिदार)
"रा.व.से."
प्राधिकृत अधिकारी एवं
संयुक्त वनमण्डलाधिकारी-लैलूंगा

जी. 252603022/1

**CHHATTISGARH SAMVAD**
(An Associate organization of Department of Public Relation, Govt. of Chhattisgarh)
North Block, Sector-19, Nava Raipur-Atal Nagar, District- Raipur (C.G.)
Web:- https://samvad.cg.nic.in/, Email:-cgsamvad@gmail.com
Ph: 0771-2512536, 39

**NOTICE INVITING ONLINE REQUEST FOR THE SELECTION OF A SOCIAL MEDIA AGENCY**

NIT no.: 4621/C.G. Samvad/2025 Nava Raipur Atal Nagar, Dated - 22/08/2025

Chhattisgarh Samvad invites online tender from reputed Social Media Agency for selection for a period of 2 years. Which can be extended as for need and mutual agreement. The registered firm having proven track record of expertise in above field may submit their online proposal.

Tender document can be downloaded from GEM portal, cost of tender document of Rs. 11,800/- (non-refundable). Modifications/Amendments/Corrigendum, if any shall not be advertised in the newspapers but shall be published in the above website only. The CEO, Chhattisgarh Samvad reserves the right to relax, change the terms and conditions, select/reject any application without assigning any reason thereof.

| | |
|---|---|
| (1) Date of Pre-Bid meeting: | 02/09/2025 from 3:00 PM (Last date for submission of Pre bid queries via Email to: cgsamvad@gmail.com 01/09/2025 till 6:00 PM) |
| (2) Last date of online submission of tender documents: | 23/09/2025 before 03:00 pm |
| (3) Date of Opening of Technical Bids: | 23/09/2025 from 04:00 pm |
| (4) Date of Technical Presentations: | Shall be Communicated to the Pre-qualified bidders |
| (5) Date of Opening of Financial Bids: | Shall be Communicated to the Technically qualified bidders |

Chief Executive Officer
Chhattisgarh Samvad
Nava Raipur Atal Nagar

S.- 44999

**Directorate of Public Relations**
Government of Chhattisgarh
Indravati Bhawan, Capitol Complex,
Raipur, Chhattisgarh
Web:- https://jansampark.cg.gov.in/
Email :- cgdpreproc@gmail.com Phone no-0771-2221614

**NOTICE INVITING ONLINE REQUEST FOR THE SELECTION OF A PR COMMUNICATION AGENCY**

NIT no.: 4628/DPR/2025 Nava Raipur Atal Nagar, Dated - 22/08/2025

Directorate of Public Relations invites online tender from reputed PR Communication Agency for selection for a period of 2 years, which can be extended as for need and mutual agreement. The registered firm having proven track record of expertise in above field may submit their online proposal. Tender document can be downloaded from GeM website, with cost of tender document of Rs. 5,900/- (non-refundable). Modifications/Amendments/Corrigendum, if any shall not be advertised in the newspapers but shall be published in the GeM website only. The Commissioner, Directorate of Public Relations reserves the right to relax, change the terms and conditions, select/reject any application without assigning any reason thereof.

| | |
|---|---|
| (1) Date of Pre-Bid meeting: | 03/09/2025 from 3:00 PM (Last date for submission of Pre bid queries via Email to: cgdpreproc@gmail.com 02/09/2025 till 6:00 PM) |
| (2) Last date of online submission of tender documents: | 24/09/2025 before 03:00 pm |
| (3) Date of Opening of Technical Bids: | 24/09/2025 from 04:00 pm |
| (4) Date of Technical Presentations: | Shall be Communicated to the Pre-qualified bidders |
| (5) Date of Opening of Financial Bids: | Shall be Communicated to the Technically qualified bidders |

Commissioner
Directorate of Public Relations
Nava Raipur Atal Nagar

G-252603030/2

**जनसम्पर्क संचालनालय छत्तीसगढ़, रायपुर**

क्रमांक 4620/जसंसं / पुरस्कार/2025 नवा रायपुर, दिनांक 22.08.2025

**चन्दूलाल चन्द्राकर और मधुकर खेर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार 2025 के लिए प्रविष्टि/प्रस्ताव आमंत्रित (अंतिम तारीख 19 सितम्बर 2025)**

छत्तीसगढ़ शासन, जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रख्यात पत्रकार स्वर्गीय श्री चन्दूलाल चन्द्राकर और स्वर्गीय मधुकर खेर की स्मृति को चिरस्थायी रखने के प्रयोजन से पत्रकारिता के माध्यम से राज्य की संस्कृति, समृद्धि और विकास के संबंध में रचनात्मक लेखन के लिए पत्रकारों को प्रोत्साहित करने और उत्कृष्ट रिपोर्टिंग के लिए उन्हें सम्मानित करने के लिए 'चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार' और 'मधुकर खेर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार' की स्थापना की गयी है। ये पुरस्कार क्रमश: दो-दो पत्रकारों को दिए जाएंगे। इनमें से दो प्रिंट मीडिया से और दो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से होंगे। पुरस्कार के लिए वर्ष 2025 हेतु प्रविष्टियां आमंत्रित हैं।

चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार इस पुरस्कार के अंतर्गत दो चयनित पत्रकारों को रूपए 50 हजार 50 हजार रूपए (रूपए पचास-पचास हजार) की सम्मान राशि दी जाएगी। इनमें से एक पुरस्कार प्रिंट मीडिया के लिए तथा दूसरा पुरस्कार इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए होगा। पुरस्कार हिंदी/छत्तीसगढ़ी में प्रिंट मीडिया में प्रकाशित राष्ट्रीय/प्रादेशिक स्तर की उत्कृष्ट रिपोर्टिंग अथवा आलेख एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से प्रसारित राष्ट्रीय/राज्य स्तर के हिंदी/छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम, जो छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित हों, के लिए होंगे।

मधुकर खेर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार इस पुरस्कार के अंतर्गत दो चयनित पत्रकारों को 50 हजार 50 हजार रूपए (रूपए पचास-पचास हजार) की सम्मान राशि दी जाएगी। इनमें से एक पुरस्कार प्रिंट मीडिया के लिए और दूसरा पुरस्कार इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए होगा। पुरस्कार अंग्रेजी भाषा में प्रिंट मीडिया में प्रकाशित राष्ट्रीय / प्रादेशिक स्तर की उत्कृष्ट रिपोर्टिंग अथवा आलेख एवं अंग्रेजी भाषा में ही इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से प्रसारित राष्ट्रीय/राज्य स्तर के अंग्रेजी कार्यक्रम, जो छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित हों, के लिए होंगे।

पुरस्कार के लिए व्यक्ति स्वयं प्रविष्टि दे सकेगा अथवा किसी उपयुक्त व्यक्ति के लिए किसी भी पंजीकृत समाचार पत्र-पत्रिका या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया या संपादकीय प्रमुख अथवा छत्तीसगढ़/भारत का कोई भी अधिमान्यता प्राप्त पत्रकार प्रस्तावक हो सकेगा।

प्रविष्टियां/प्रस्ताव पुरस्कार वर्ष के सितंबर माह के पूर्व वर्ष के 31 अगस्त से एक वर्ष के बीच किए गए रचनात्मक लेखन अथवा रिपोर्टिंग से संबंधित होने चाहिए। पुरस्कार हेतु विचारार्थ प्रविष्टि/प्रस्ताव किसी एक प्रकाशित/प्रसारित सामग्री की सत्यापित कतरन / सीडी/डीवीडी के रूप में छह प्रतियों में आवेदन के साथ संलग्न करना होगा। आवेदक अथवा प्रस्तावक द्वारा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि पुरस्कार के लिए बताए गए तथ्य वास्तविक हैं।

पुरस्कार के लिए प्रविष्टि/प्रस्ताव 19 सितम्बर 2025 तक संचालक, जनसम्पर्क संचालनालय, भूतल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर (छत्तीसगढ़) 492002 के पते पर निर्धारित प्रारूप में सीलबंद लिफाफे में पंजीकृत डाक द्वारा भेजे जा सकते हैं। प्रविष्टि से संबंधित सीलबंद लिफाफे के ऊपर 'चन्दूलाल चन्द्राकर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार 2025' अथवा 'मधुकर खेर स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार 2025' स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिए। निर्धारित समय-सीमा के बाद प्राप्त प्रविष्टियों/प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा। डाक संबंधी विलंब के लिए जनसम्पर्क संचालनालय उत्तरदायी नहीं होगा। इन पुरस्कारों से संबंधित नियम और आवेदन प्रारूप जनसम्पर्क विभाग की वेबसाइट www.dprcg.gov.in से डाउनलोड किये जाएंगे।

आयुक्त
जनसम्पर्क संचालनालय
छत्तीसगढ़ रायपुर

जी. 252603029/3


उद्योग एवं रोज़गार वर्ष 2025
इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
MPSMC
मध्यप्रदेश की
खनिज संपदा
आत्मनिर्भर भारत की
आधारशिला
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मध्यप्रदेश
माइनिंग कॉन्क्लेव 2.0
खनन क्षेत्र के भविष्य की नई दिशा - क्रमिक । निरंतर । नीतिगत
मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
23 अगस्त, 2025 । पूर्वाह्न 10:00 बजे
द अरिंदम होटल, कटनी, मध्यप्रदेश
"मध्यप्रदेश खनन और खनिज संसाधनों के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण केन्द्र के रूप में उभरा है। प्रदेश खनिजों की प्रचुरता और सरकार की निवेश-अनुकूल नीतियों के कारण देश की औद्योगिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। खनन क्षेत्र न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करेगा, बल्कि देश के औद्योगिक विकास और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत मिशन में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। - डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री"
राष्ट्रीय उत्पादन में मध्यप्रदेश का योगदान
हीरा
एकमात्र उत्पादक प्रदेश
तांबा 73%
रॉक फॉस्फेट 29%
मैंगनीज 26%
चूना पत्थर 9%
कोयला 8%
कॉन्क्लेव के फोकस सेक्टर
कोयला और ऊर्जा
औद्योगिक विकास व विद्युत उत्पादन का आधार
ऊर्जा एवं हाइड्रोकार्बन
आत्मनिर्भर ऊर्जा की दिशा में महत्वपूर्ण संसाधन
प्रौद्योगिकीय प्रगति
डिजिटल, स्मार्ट और आधुनिक खनन समाधान
क्रिटिकल मिनरल्स
भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक आधार
चूना पत्थर और सीमेंट
निर्माण और अधोसंरचना विकास की रीढ़
खनिज एवं खनिज उत्पाद
आधुनिक खनन तकनीकों और खनन क्षेत्र में डिजिटलीकरण पर विशेष प्रदर्शनी
D-11087/25
आइए, मध्यप्रदेश माइनिंग कॉन्क्लेव 2025 का हिस्सा बनें और भविष्य के अवसरों से जुड़ें
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhypradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
IN PARTNERSHIP WITH
Deloitte.
CII
Confederation of Indian Industry
Hotels & Resorts

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### पंजाब से आ रहा ड्रग्स...

अवैध कारोबार कर रहे हैं। पुलिस के अधिकारियों को मुखबीर से सूचना मिली कि शहर के पॉम मॉल के दवाई की खेप आने वाली है फिर क्या था पुलिस के अधिकारियों की टीम ने मुखबीर के बताए गए स्थान पर छापेमारी की कार्यवाही की गई। जहां पुलिस ने इस गिरोह के सरगना बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत चाकाबूड़ा निवासी संगीत पटेल को हिरासत को लेकर कड़ी पूछताछ की। फिर क्या था एक-एक कर राज खुलता गया और पुलिस ने इस गिरोह में शामिल कुल 6 लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की और पकड़े गए आरोपियों में क्रमशः चाकाबुड़ा निवासी संगीत कुमार पटेल उम्र 31 वर्ष पिता संतोष पटेल, गोपाल यादव उर्फ मलिंगा उम्र 31 वर्ष पिता रामदयाल यादव, झाबर अटल चौक दीपका निवासी सुरेश कुमार यादव उम्र 26 वर्ष पिता धीरसाय यादव, अमरैयापारा नोनबिर्रा निवासी सैफ खॉन उर्फ चांद उम्र 31 वर्ष पिता सहीद खॉन, ग्राम पखनापारा निवासी अभिषेक कुमार रात्रे उम्र 21 वर्ष पिता जशवंत कुमार, चाकाबुड़ा निवासी अमित कुमार भारद्वाज उर्फ ददू उम्र 23 वर्ष पिता आनंदराम भारद्वाज व इनकी निशानदेही पर पुलिस ने उत्तरप्रदेश वाराणसी में छापेमारी की कार्यवाही की।

25 से 30 रुपए में बेचते थे एक टेबलेट

बताया जाता है कि पकड़े गए गिरोह के सदस्यों द्वारा जिले सहित आसपास के क्षेत्र में इन दवाइयां की सप्लाई की जाती थी। नशेड़ी युवकों को एक टेबलेट 25 से 30 रुपए में बेचा करते थे।

### रैकेट तोड़ने स्पेशल ...

जांच के लिए पुलिस की एक स्पेशल टीम गठित करने की बात कही। मामले की पड़ताल करने पुलिस की स्पेशल टीम पंजाब रवाना की जाएगी।

### डेढ़ माह पूर्व ...

एमकॉम की पढ़ाई कंपलीट कर सीए की तैयारी कर रही थी।

### 1.10 करोड़ की अवैध ...

शराब नष्टीकरण की यह कार्रवाई एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश व अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी सीपी बघेल की अध्यक्षता में एएसपी माहेश्वर नाग के नेतृत्व में समिति के सदस्य सीएसपी सुमीत कुमार धोत्रे, नायब तहसीलदार बकावंड़, थाना प्रभारी परपा व बोधघाट की मौजूदगी में की गई।

### छग के अलावा मप्र ...

दरभा, भानपुरी, मारडूम, बकावंड़ व थाना बुरगुम समेत 13 थाना क्षेत्र में अवैध देशी मदिरा 4398.960 लीटर तथा विदेश मदिरा 26237.070 लीटर कुल 30636.03 लीटर मदिरा बरामद कर जब्त किया गया था। एएसपी माहेश्वर नाग ने बताया कि यह शराब छग के अलावा मध्यप्रदेश व ओडिशा राज्य में निर्मित शराब थी, जिसके नष्टीकरण की कार्रवाई की गई है।

### नसबंदी के बाद छोड़े ...

के अलावा न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया भी शामिल हैं। हालांकि, पीठ ने स्पष्ट किया कि नगर निगम अधिकारी दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, फरीदाबाद और गुरुग्राम के सभी इलाकों से आवारा कुत्तों को उठाने और उनके लिए तुरंत आश्रय स्थल बनाने के 11 अगस्त के निर्देश का पालन करना जारी रखेंगे। उसने कहा कि आवारा कुत्तों को सड़कों से उठाकर आश्रय स्थलों में स्थायी रूप से स्थानांतरित करने के दो न्यायाधीशों की पीठ के 11 अगस्त के निर्देश को फिलहाल स्थगित रखा जाएगा। पीठ ने कहा, पकड़े गए आवारा कुत्तों की नसबंदी की जाएगी, उनका कृमिहरण एवं टीकाकरण किया जाएगा और उन्हें उसी क्षेत्र में वापस छोड़ दिया जाएगा, जहां से उन्हें उठाया गया था। पीठ ने स्पष्ट किया कि रेबीज से संक्रमित या रेबीज से संक्रमित होने की आशंका वाले और आक्रामक व्यवहार वाले आवारा कुत्तों पर यह आदेश लागू नहीं होगा। उसने कहा कि आवारा कुत्तों की पूरी आबादी को सड़कों से हटाकर आश्रय स्थलों में रखने का कोई भी निर्देश देने से पहले नगर निकायों के पास उपलब्ध मौजूदा बुनियादी ढांचे और मानव संसाधनों का पता लगाना जरूरी है।

### धनखड़ टेबल टेनिस ...

टेनिस खेलते थे। **अचानक दिया था इस्तीफा-** धनखड़ ने 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अचानक उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। उनके उत्तराधिकारी को चुनने के लिए नौ सितंबर को चुनाव होने हैं।

### बिहार जाने 60 दिन...

गईं। अब यात्रियों को उम्मीद है कि त्योहार के सीजन में रेलवे स्पेशल ट्रेनें चलाएगा, ताकि घर जाने की राह आसान हो सके। जब हरिभूमि ने ट्रेनों में सीट की उपलब्धता की जांच की, तो पता चला त्योहार से चार दिन पहले तक बुकिंग 90 प्रतिशत पूरी हो चुकी है। इससे पहले की तारीखों में सीटें 100 से अधिक खाली हैं।

### अब यात्री ट्रेनों के...

वेटिंग लिस्ट की संख्या सीमित करना है। अब यात्री त्योहार के लिए बुकिंग खुलने का बेसब्री से इंतजार करते हैं, ताकि समय पर सीट मिल सके। यह स्थिति केवल बिहार-उत्तरप्रदेश की ट्रेनों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देशभर में देखी जा रही है। रायपुर से गुजरने वाली प्रमुख ट्रेनों में दशहरा, दीपावली और छठ के लिए बुकिंग तेज़ी से भर रही है। अब यात्रियों को उम्मीद है कि रेलवे जल्द ही अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनें चलाएगा।

### अब वापसी टिकट...

चेक कर रहे हैं। तत्काल की तरह आगे की बुकिंग खुलते ही टिकट सेकंडों में भर रही है। सबसे ज्यादा चिंता उन्हें हो रही है जो परिवार के साथ सफर करने जा रहे हैं।

### पीएम बोले- विपक्षी नेता...

के बाद 30 दिन तक हिरासत में रहने पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को हटाने का प्रस्ताव है। उन्होंने परोक्ष रूप से दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का जिक्र करते हुए कहा, हमने एक खेदजनक स्थिति देखी है जिसमें सत्ता में बैठे लोग जेल से सरकार चला रहे हैं, सलाखों के पीछे से फाइलों पर हस्ताक्षर कर रहे हैं, संवैधानिक मर्यादा की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

### लखमा की जमानत...

शुक्रवार को जस्टिस अरविंद वर्मा की सिंगल बेंच केस में जमानत पर सुनवाई हुई, जिसमें तर्क दिया गया कि साल 2024 में केस दर्ज किया गया था, जिसमें डेढ़ साल बाद गिरफ्तारी की गई है, जो गलत है। इस दौरान लखमा का कभी पक्ष ही नहीं लिया गया। याचिका में यह भी कहा गया कि केवल बयानों के आधार पर उन्हें आरोपी बनाया गया है जबकि, उनके खिलाफ कोई सबूत नहीं है। पूर्व मंत्री को राजनीतिक षडयंत्र के तहत फंसाने का आरोप भी याचिका में लगाया गया है। सुनवाई के दौरान ईओडब्ल्यू की तरफ से अतिरिक्त महाधिवक्ता विवेक शर्मा ने बताया कि चार्जशीट के मुताबिक कवासी लखमा के बंगले में हर महीने 2 करोड़ रुपए कमीशन पहुंचता था।

### इंद्रावती टाइगर रिजर्व के...

दायरे में आने वाले कुछ गांव के लोग नक्सलवाद के कारण गांव छोड़ चुके हैं। कई लोगों ने विस्थापन के लिए आवेदन करना भी शुरू कर दिया है, जिसमें से एक गांव के ग्रामीणों ने विस्थापन के लिए सहमति दी है। इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर के उप निदेशक संदीप बलगा ने बताया कि इसके लिए कुछ गांव के ग्रामीण आवेदन कर रहे हैं।

### विस्थापित के बाद...

भी आसानी से राजकीय पशु वन भैंसा, टायगर, चीता एवं अन्य वन प्राणी को देख सकेंगे। यह रिजर्व तीन राज्यों से घिरा हुआ है, तेलेंगाना, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ की सीमा में 2799 वर्ग किलोमीटर फैला हुआ है। इसमें लगभग 9 बाघ, 30 राजकीय पशु वन भैंसों, सांभर सहित गिद्ध, कई जंगली जानवर और पक्षी मौजूद हैं।


सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल 24 घंटे आपात चिकित्सा
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति विहार चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

अहलूवालिया हॉस्पिटल
81031 28515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids सुनाई मशीन • Dental/ दंत रोग • मुख के कैंसर प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घंटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
94060-21769

Since-2000 केश शिखा ® (हर्बल ट्रीटमेंट)
मात्र 15 दिनों में
प्रोप्रायटरी - आयुर्वेदिक ऑईल
बालों का झड़ना रोकता है बाल काले, घने व मुलायम भी बनाता है
सभी आयुर्वेदिक एवं ऐलोपैथिक दुकानों में उपलब्ध।
Customer Care No.- 9425296176

हरिभूमि छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
THE DIAGNOSTIC CARE
दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
ट्यूबरक्युलोसिस मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
• जीनएक्सपर्ट/सीबीएनएटी (टीएटी- 12-24 घंटे) बलगम
• क्वांटिफेरॉन-टीबी गोल्ड प्लस (क्यूएफटी प्लस) (टीएटी-48 घंटे) खून
• एएफबी कल्चर (एमजीआईटी320) (टीएटी- 21-42 दिन)
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773
लैब प्लस पैथोलाजी
क्वालिटि के साथ जांच की गारंटी
सभी प्रकार के बीमारियों के लिए पैकेज उपलब्ध
पैथोलाजी जाँच के लिए पैकेज में जांच कराये व अपने पैसे बहुतायत से बचाये।
पैकेज की जानकारी के लिए सम्पर्क करे- 9039055548, 9300000989, 9300000702
विज्ञापन हेतु संपर्क करें - 9303508130, 9302016344, 7909631282


## हरिभूमि Classified

epaper- www.haribhoomi.com

Email- hbclassified375@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

### आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** दो ग्राफिक डिजाइनर की अतिशीघ्र आवश्यकता है जिसे कोरलड्रा और फोटोशॉप का अनुभव हो वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9131155033, 98271 80896 **(38515)**

**आवश्यकता है-** पार्सल डिलीवरी करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है सैलरी 14 रुपए प्रति पार्सल 14 रुपए रिटर्न पिकअप पता- पुलिस सहायता केन्द्र के सामने, विजडम निर्माण, ट्रान्सपोर्ट नगर बिलासपुर सम्पर्क करें- 99933 29397, 83195 60558 नोट- पैकेज बेस में पार्सल दिया जाता है जिसमें 25000 से 30000 प्रति माह इनकम कर सकते हैं **(38517)**

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने हेतु सेल्समैन चाहिए, अनुभवी को प्राथमिकता वेतन योग्यता अनुसार बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- गजानंद ग्लास, शिव टॉकीज चौक के पास पुराना हाईकोर्ट रोड बिलासपुर 9561963291 **(38520)**

**आवश्यकता है-** (M/F) ग्राफिक डिजाइनर, वीडियो एडिटर, सेल्स मैनेजर, सेल्समैन, हेल्पर (समय 10-8) सैलरी 8000 से 15000 पता- Farmers Pride Organic Store नेचर सिटी गेट से 200 मीटर सकरी रोड उसलापुर 9179294949 **(38519)**

**आवश्यकता है-** कार एवं टाटा एस चलाने के लिए अनुभवी ड्राइवर तथा वर्कशॉप में कार्य करने हेतु हेल्पर की आवश्यकता है सम्पर्क करें- चन्द्र टीवीएस महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 8602121211 **(38518)**

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतू दो लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार पता- सरकंडा बिलासपुर सम्पर्क करें- 8801039000 **(38522)**

**आवश्यकता है-** मेडिकल एजेन्सी में कार्य करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- एकता मेडिकल एजेन्सी गंगा नगर फेस-2 मंगला चौक, बिलासपुर 8319675178, 9407600099 **(38521)**

**आवश्यकता है-** नर्सिंग होम में कार्य करने हेतु ट्रेण्ड नर्स एवं कम्पाउंडर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- जय अम्बे नर्सिंग होम महाराणा प्रताप चौक रिंग रोड नं.-2 बिलासपुर 99819 70853 **(38507)**

**आवश्यकता है-** सुबह 9 बजे से शाम 6:30 बजे तक घर में सभी घरेलू काम करने के लिए कामवाली बाई एवं खाना बनाने वाली की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 9685901101 **(38513)**

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित ज्वेलरी शोरूम में कार्य हेतु ईमानदार, जिम्मेदार, अनुभवी स्टाफ चाहिए। ज्वेलरी शोरूम में काम किए हुए स्टाफ को प्राथमिकता सम्पर्क करें- गुरुनानक जेम्स एंड ज्वेल्स सदर बाजार बिलासपुर 74893 15615 **(38490)**

**आवश्यकता है-** फर्निशिंग शोरूम अर्बन लिविंग 27 खोली मुंगेली नाका चौक बिलासपुर में काउन्टर सेल्स के लिए कार्य करने हेतु 20 लड़को की आवश्यकता है सम्पर्क करें- 8109090000, 83193 97645 **(38516)**

**आवश्यकता है-** थोक सर्जिकल दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- छाबड़ा मेडिको सर्जिको मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा बिलासपुर **(38512)**

**आवश्यकता है-** गल्फ लुब्रिकेन्ट आयल डिस्ट्रीब्यूटर को अनुभवी सेल्स रिप्रेजेंटिव की आवश्यकता है सैलरी योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- मनीत आटोमोबाइल्स बिलासपुर 9752527979 **(38496)**

**Required-** Teachers for humanities (ARTS) Classes IX to X Add.- Loyola School Bilaspur Contact- 07752-248487, 291587 Mobile- 6268548474 Email Id- loyolabsp@yahoo.in **(38524)**

**आवश्यकता है-** मेडिकल एजेन्सी में लड़के, लड़कियों एवं माल पैकिंग, डिलिवरी हेतु लड़के (पढ़ाई जरुरी नहीं) तथा रिटेल काउन्टर संभालने हेतु लड़कों आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- दयालबंद बिलासपुर 91110 00629 **(38505)**

**आवश्यकता है-** स्पोर्ट्स दुकान में कार्य हेतु लड़की (वेतन 6000-11000) एवं साक्षी प्रा. ITI में कम्प्यूटर आपरेटर, आफिस में कार्य हेतु लड़के चाहिए। वेतन 7000-10000 सम्पर्क करें- छाया स्पोर्ट्स सदर बाजार बिलासपुर **(38503)**

**आवश्यकता है-** सीए ऑफिस में एकाउंटिंग एवं ऑडिट कार्य करने हेतु स्टाफ की आवश्यकता है। केवल सीए ऑफिस में कार्य किए अनुभवी सम्पर्क करें- जाजोदिया चौरसिया एण्ड कम्पनी मध्यनगरी चौक बिलासपुर 9981120020 **(3176)**

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित होटल में कार्य करने हेतु अनुभवी मैनेजर एवं हेल्पर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- होटल शुभश्री उस्लापुर रेल्वे स्टेशन के पास बिलासपुर 76971 10111 **(38502)**

**आवश्यकता है-** अनुभवी मेहनती फील्ड कार्य हेतु सुपरवाइजर कम्प्यूटर कार्य, हिन्दी टाइपिंग अनुभवी, फील्ड हेतु मेहनती सुपरवाइजर, घरेलू कार्य महिला की देखभाल हेतु लड़की/महिला चाहिए सम्पर्क- ग्रीन पार्क जरहाभाटा बिलासपुर 6267249741, 95899 44464 **(38402)**

**आवश्यकता है-** बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर, रायगढ़ अंबिकापुर मनेन्द्रगढ़ जिलों में सुरक्षागार्ड, सुपरवाईजर ड्राइवर की आवश्यकता है पीएफ ईएसआई मेडिकल आवास सुविधा फ्री सम्पर्क करें- सिद्धी विनायक सिक्यूरिटी राजेंद्र नगर बिलासपुर 9111175190, 9098318675 **(38458)**

**आवश्यकता है-** दयानन्द विद्यालय कार्यालय में कम्प्यूटर कार्य हेतु कम्प्यूटर की जानकार शिक्षिकाओं की आवश्यकता है सम्पर्क करें- समय प्रातः 8 से 11 बजे दयानन्द विद्यालय आर्य समाज मन्दिर नदी किनारे गोड़पारा बिलासपुर **(38504)**

**आवश्यकता है-** श्री गणेश होम्स में 2 पद ऑफिस स्टॉफ एवं 2 पद ऑफिस बॉय आवश्यकता है। सम्पर्क करें- सिद्ध शिखर अपार्टमेंट रिंग रोड नं-2, शांति नगर मंगला चौक बिलासपुर 7415552666 **(38495)**

**आवश्यकता है-** खेती बाड़ी का सभी काम करने हेतु परिवार वाले की आवश्यकता है जो वहां रहकर काम कर सके। दोनों मिलाकर तनख्वाह 13000 रुपए सम्पर्क करें- 9754293974 **(38494)**

**आवश्यकता है-** ऑफिस ब्वाय- 3 पद, समान पैकेजिंग, लोडिंग, अनलोडिंग, ऑटो चालक एवं सफाई कार्य करने हेतु व्यक्तियों की आवश्यकता है। वेतन- 9000 से 12000 प्रतिमाह सम्पर्क करें- 09575 488884 **(38499)**

**आवश्यकता है-** अर्जेंट भर्ती वन सुरक्षा को जिलानुसार लड़के- लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या-790 वन रक्षक फील्ड ऑफिसर माली वन सिपाही सैलरी(27500+ 56500 ) पढ़ाई (8वी से स्नातक ) रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधार कार्ड मार्क शीट फोटो व्हाट्सएप करे (सचिन शर्मा)-7054311719 **(1114)**

**आवश्यकता है-** ऑफिस में लोडिंग अनलोडिंग हेतु दो लड़के देखकर समान निकालने हेतु लड़कियां लोडर गाड़ी चलाने हेतु ड्राइवर के साथ सामान सेल्समैन हेत दो लड़के। पता- Nt@s व्यापार विहार बिलासपुर 07752 411422 **(38497)**

**आवश्यकता है-** सफाई के लिए एक परिवार सुविधा रहने की बेहतरीन व्यवस्था बिजली पानी व सिलेंडर सहित, होलसेल गिफ्ट शॉप में नौकरी का सुनहरा मौका 18-25 वर्ष के लड़के, 11000 मासिक+ प्रति वर्ष वेतन वृद्धि 10:30 AM से 9:30 PM सम्पर्क करें- देवपुरी रायपुर 84481 07841, 9302708426 **(216)**

**आवश्यकता है-** सुरक्षागार्ड, गनमैन, सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर फील्ड ऑफिसर कामवाली बाई, ड्राइवर। वेतन योग्यतानुसार, आवास फ्री पता- श्रीसांई सिक्युरिटी सर्विस साई निवास कॉम्प्लेक्स जेजे हॉस्पिटल के बाजू तोरवा बिलासपुर 8253010291, 8889997826, 80852 33213 **(38449)**

**आवश्यकता है-** चाय पत्ती की फैक्ट्री में रिटेल मार्केटिंग के लिए 12वीं पास लड़का जो की सेल्समेंन काम कर सके और ड्राइवर की भी आवश्यकता है संपर्क जैन ट्रेडर्स आकृति बिहार अमलीडी रायपुर 7469980000, 0771-4075490 **(6777)**

**आवश्यकता है-** नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो सम्पर्क करें- 9202613238, 92291 87457 **(1113)**

**आवश्यकता है-** चाय पत्ती की फैक्ट्री में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है संपर्क करें जैन ट्रेडर्स आकृति विहार अमलीडीह रायपुर 7469980000, 0771-4075490 **(6776)**

**आवश्यकता है-** श्याम इंटरप्राइजेज में पैकिंग कार्य व कॉपी बनाने एवं अन्य कार्य हेतु युवक/ युवती की आवश्यकता है, वेतन योग्यतानुसार (समय 10 am To 7 pm) सम्पर्कः- साइंस कॉलेज सरकंडा 9074741377 **(225)**

**आवश्यकता है-** रायपुर एवं रायगढ़ में सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर हेतु 8,10 पास, हाईट 5फीट 6इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले वेतन 14500 से 18000 रहना फ्री+ PF+ESIC+ खाने की सुविधा सम्पर्क करें-9201958117, 9201958114 **(6764)**

**आवश्यकता है-** क्लीनिक में अटेंडर युवती की शीघ्र आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार। कॉलिंग टाईम दोपहर 3बजे से 4बजे तक सम्पर्क करें- कल्याण दन्त चिकित्सालय नियर मैग्नेटो मॉल श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर 9691884193 **(222)**

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है, (वेतन योग्यतानुसार) संपर्कः- लक्की प्लास्टिक बजरंग कॉम्प्लेक्स तेलीपारा रोड पुराना बस स्टैंड बिलासपुर 9301194380, 7000181473 **(226)**

**आवश्यकता है-** Fraud call से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Name, Address, Qualification, Call/ WhatsApp/ SMS करें- 07295935703 **(1121)**

**आवश्यकता है-** ऑफिस में कार्य हेतु 18 से 30वर्ष की युवतियों, महिलाओं की। सैलरी 5000 से 20000 कमाने का अवसर सम्पर्क करें- श्रीराम केयर हॉस्पिटल के पीछे गीतांजलि विहार बिलासपुर 7987392821, 74407 45153 **(228)**

**Required-** Required for Water Plant/Office M/F (Salary- 26750 above) Technical Staff, Supervisor, Computer operator, Sales Executive, field officer, Driver (Education- 10th to Graduate) Food+Room+ESI+PF Send Resume (Whatsapp-9319097602) **(377)**

**आवश्यकता है-** पेन्सिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है सम्पर्क करें- 8873762120 **(589)**

### बेचना

**बेचना है-** भारतीय नगर शिव मन्दिर के पास नवनिर्मित माधव तालाब के बगल में 2236 वर्गफीट जमीन पर 5BHK डबल स्टोरी बना फर्निश्ड मकान अतिशीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 94252 28826 **(38509)**

**बेचना है-** दूकान बेचना/ किराया बिलासपुर शहर के हृदय स्थल रामा मैग्नेटो माल रोड वीआर प्लाजा, प्रथम तल में 205 वर्गफुट सर्वसुविधा युक्त दुकान बेचना है/ किराए से देना है सम्पर्क करें- 9303099090, 97130 13010 **(38525)**

**बेचना है-** बिलासपुर के प्राइम लोकेशन मुंगेली रोड ग्रीन गार्डन के पीछे शुभम विहार शिक्षक कॉलोनी फुल फर्निश्ड 2850 वर्गफुट में बना उत्तर मुखी डुप्लेक्स 4BHK मकान बेचना है। सम्पर्क करें- 6262525232 **(38526)**

**बेचना है-** कोटा रोड नेवरा साइड रोड में 0.99 एकड़ कोटा बस स्टैण्ड कलारतलाई रोड में 11.50 एकड़ कोटा मेन रोड पिपरतराई 1.33 एकड़ जमीन बेचना है खरीददार ही सम्पर्क करें- 8801039000, 70896 66594 **(38523)**

**बेचना है-** रियांश श्री स्टार होटल से 200 मीटर की दूरी पर तखतपुर के जरौंधा गांव में मेन रोड से 100 मीटर अन्दर 6000 वर्गफुट प्लाट बेचना है सम्पर्क करें- 9691732957, 79997 98836 **(38514)**

**बेचना है-** महाराणा प्रताप चौक सांई बाबा हॉस्पिटल के पास 2BHK मकान 22×45 ईस्ट फेसिंग 55लाख में बेचना है लोन सुविधा उपलब्ध सम्पर्क करें- 8461997770, 93299 40681 **(38366)**

**बेचना है-** न्यू हाईटेक बस स्टैण्ड तिफरा यदुनन्दन नगर कॉलोनी में नवनिर्मित मकान/ दुकान/ आवासीय प्लाट/ कमर्शियल प्लाट बेचना है सम्पर्क करें- राजपाल कंस्ट्रक्शन मेन रोड यदुनन्दन नगर तिफरा बिलासपुर 93006 71120 **(38463)**

### किराया

**किराया-** रतनपुर महामाया मन्दिर चौक मेन रोड भूतल में 28×51= 1400 वर्गफुट हॉल बैंक, ऑफिस कम्पनी आउटलेट, सुपर बाजार के लिये रजिस्टर्ड एग्रीमेंट के साथ किराये से देना है किराया 40 हजार सम्पर्क करें- 92013 45874, 9981313076 **(38501)**

### फाइनेन्स

**फाइनेन्स-** सुन्दरम फाइनेन्स द्वारा पर्सनल लोन प्रॉपर्टी लोन ग्रुप लोन पाएं घर बैठे मात्र 24घण्टे में 2% ब्याज 30% छूट महिलाओं/ किसानों को विशेष छूट एजेंट आमन्त्रित सम्पर्क करें- हेड ऑफिस 81276 84826 हेल्पलाइन 89570 78373 **(217)**


Medicare Specialists
इसे जरूर पढ़िये और समझिये
● इसे नजर अंदाज कर छणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए तुरंत खून की जाँच कराए।
● क्या आप को किसी प्रकार के वायरल या संक्रमण रोग हैं। जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी, छाले, चमड़ी का फटना, खुजली लाल होना, पेशाब में जलन या पीब आना, पेट के दाहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग, हेपाटाइटिस (ABC), सिफलिस, गौनोरिया (सूजाक), रुबेला या एच.आई.वी. (HIV, AIDS) रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं।
● क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग हैं सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रूसी, जोड़ो में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना, नाखूनो का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग हैं।
● क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या, यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान हैं जैसेः शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि।
ध्यान रहे पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग (इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई भी उपाय नहीं हैं। नीम हकिमो से सावधान। इन बीमारियों का स्थायी ईलाज इम्नुनों थैरिपी पर आधारित केवल रस -रसायन में ही हैं।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.) निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे दुर्ग
मोबाईल नं.- 9425555659 9617789223, 9303242200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8


### हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- **जिला कार्यालय कोरबा:-** बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- **जिला कार्यालय मुंगेली:-** थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला-मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- **शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:-** मो. 9993567380, 8770837744
- **एड प्रयास:-** मो. 9826701269, 9926003943
- **श्यामनानी एडवरटाईजर्स:-** मो. 9827168452, 9300625174
- **रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:-** मो. 9826129386, 8319503386
- **जे.जे. एडवरटाइजर्स:-** मो. 9300659628
- **भार्गव एडवरटाइजर्स:-** मो. 9827167997
- **श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:-** मो. 9826705603
- **एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:-** मो. 9827180896, 9131155033
- **रौनक पब्लिसिटी:-** मो. 9300328290, 9981658490
- **श्री श्याम पब्लिसिटी:-** मो. 9425540759
- **अमित पब्लिकेशन:-** मो. 9826304304, 9827124304
- **विप्रा विज्ञापन सेवा:-** मो. 9302462506
- **माधवास & कम्पनी:-** मो. 9977185123, 9893115084
- **बालाजी एडवरटाइजर्स:-** मो. 9827466133, 9907047586

### सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# महिला वर्ल्ड कप : चिन्नास्वामी स्टेडियम से छीनी मैचों की मेजबानी, नवी मुंबई में होंगे मुकाबले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगले महीने शुरू होने वाले महिला एक दिवसीय विश्व कप के बेंगलुरु में होने वाले मैच अब नवी मुंबई में खेले जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अप्रत्याशित परिस्थितियों का हवाला देते हुए शुक्रवार को यह घोषणा की। यह निर्णय बेंगलुरु स्थित एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के आवश्यक प्रशासनिक और सुरक्षा मंजूरी प्राप्त करने में विफल रहने के बाद लिया गया। इस कारण चिन्नास्वामी स्टेडियम 30 सितंबर से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के मैचों की मेजबानी के लिए अयोग्य हो गया है। नवी मुंबई स्थित डीवाई पाटिल स्टेडियम अब टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच, सेमीफाइनल और संभवतः दो नवंबर को होने वाले फाइनल सहित पांच मैचों की मेजबानी करेगा।

डीवाई पाटिल स्टेडियम नवी मुंबई में होगा उद्घाटन मैच, सेमीफाइनल और फाइनल





### कार्यक्रम में हुआ बदलाव

आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने बयान में कहा, 'हालांकि अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण हमें कार्यक्रम में बदलाव करते एक स्थान बदलना पड़ा, लेकिन अब हमें खुशी है कि हमारे पास पांच विश्वस्तरीय स्थान हैं, जहां महिला क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ मैच देखने को मिलेंगे।' उन्होंने कहा, 'मंच तैयार है और मुझे विश्वास है कि यह टूर्नामेंट कल्पनाओं को नए पंख लगाएगा और प्रशंसकों की नई पीढ़ी को प्रेरित करेगा।'

### स्टेडियम के बाहर हुई थी भगदड़

बेंगलुरु को महिला वनडे विश्व कप के आयोजन स्थलों से बाहर करने का निर्णय चार जून को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के आईपीएल जीत के जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ के बाद लिया गया है, जिसमें 11 प्रशंसकों की जान चली गई थी। इस घटना के बाद से स्टेडियम में कोई मैच नहीं हुआ है।




### केएससीए नहीं कर पाए सुरक्षा मंजूरी प्राप्त

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) को विश्व कप के लिए आवश्यक सुरक्षा मंजूरी प्राप्त करने का निर्देश दिया। लेकिन वह मंजूरी हासिल नहीं कर पाया, जिसके कारण उसे विश्व कप के मैचों की मेजबानी से हाथ धोना पड़ा। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट के अन्य स्थानों में गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापत्तनम और कोलंबो शामिल हैं।

### भारत-पाकिस्तान मुकाबले के लिए तटस्थ स्थल कोलंबो

कोलंबो भारत-पाकिस्तान मुकाबले के लिए तटस्थ स्थल है, क्योंकि दोनों देशों ने बहुपक्षीय प्रतियोगिताओं के लिए भी एक-दूसरे का दौरा न करने का निर्णय लिया है। इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी से पहले बनी सहमति के अनुसार, 2027 तक आईसीसी प्रतियोगिताओं में भारत-पाकिस्तान के सभी मैच तटस्थ स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे।

---

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में साउथ अफ्रीका के युवा बल्लेबाज ने खेली बेहतरीन अर्धशतकीय पारी

# ब्रीट्जके ने पहले चार वनडे में लगातार लगाए 4 अर्धशतक, बनाया विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में साउथ अफ्रीका के मैथ्यू ब्रीट्जके ने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 78 गेंद में 88 रनों की दमदार पारी खेली। इसके साथ ही ब्रीट्जके ने वनडे क्रिकेट के इतिहास में ऐसा कारनामा कर दिया, जो इससे पहले कभी नहीं हुआ था।

दरअसल मैथ्यू ब्रीट्जके अपने करियर के पहले चार वनडे में लगातार 4 अर्धशतक लगाकर विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वनडे क्रिकेट में ऐसा करने वाले मैथ्यू ब्रीट्जके दुनिया के पहले बल्लेबाज बने हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, ब्रीट्जके के नाम वनडे में पहली चार पारियों में सबसे ज्यादा रन बनाने का भी रिकॉर्ड दर्ज हो गया।

### ब्रीट्जके की वनडे क्रिकेट में शानदार शुरुआत

मैथ्यू ब्रीट्जके ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में डेब्यू किया था। उस मैच में मैथ्यू ने 150 रनों की पारी खेली थी। यह वनडे डेब्यू पर खेली गई किसी भी प्लेयर की सबसे बड़ी पारी है। इसके बाद पाकिस्तान के खिलाफ फिर उन्होंने 83 रनों की पारी खेली। वहीं अब ब्रीट्जके ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में 57 रन बनाए। इसके बाद दूसरे वनडे में 88 रनों की पारी खेलकर इतिहास रच दिया। ब्रीट्जके वनडे इतिहास में पहले खिलाड़ी बने, जिसने अपने शुरुआती चारों वनडे मैचों में 50 या उससे ज्यादा रन बनाए।




### सीरीज पर साउथ अफ्रीका ने किया कब्जा

साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरे वनडे मैच में रनों से हराकर तीन मैचों की वनडे सीरीज पर कब्जा जमा लिया है। साउथ अफ्रीका ने पहला मैच 98 रनों से जीता था। अब दूसरा वनडे जीतकर साउथ अफ्रीका ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। साउथ अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 277 रन बनाए। ब्रीट्जके ने 88 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 74 रनों की पारी खेली। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 193 रनों पर ही ऑलआउट हो गई। साउथ अफ्रीका ने दूसरा मैच 84 रनों से जीतकर सीरीज अपने नाम कर लिया। साउथ अफ्रीका की तरफ से लुंगी एंगिडी ने 5 विकेट झटके। ऑस्ट्रेलिया के लिए जोश इंग्लिस ने 74 गेंदों में 87 रनों की पारी खेली। लेकिन दूसरे छोर से ज्यादा साथ नहीं मिला, जिसकी वजह से वो टीम को जीत दिलाने में नाकामयाब रहे।

### पहले 4 में ब्रीट्जके के नाम सबसे ज्यादा रन

वनडे क्रिकेट में ब्रीट्जके ने धमाकेदार शुरुआत की है। ब्रीट्जके वनडे में पहली चार पारियों में सबसे ज्यादा रन बनाने का कारनामा किया है। ब्रीट्जके अपने करियर के पहले चार मैच में 378 रन बना दिए। इस मामले में उन्होंने अपने ही देश के सीनियर खिलाड़ी टेम्बा बावुमा को पीछे छोड़ा है। टेम्बा ने अपने पहले चार वनडे मैच में 280 रन बनाए थे। इसके अलावा एलन लैम्ब 279 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं जबकि निक नाइट ने 277 रन बनाए थे।

### पहले चार वनडे में सबसे ज्यादा रन

| | |
|---|---|
| मैथ्यू ब्रीट्जके | 378 |
| टेम्बा बावुमा | 280 |
| एलन लैम्ब | 279 |
| निक नाइट | 277 |
| टॉम कूपर | 273 |

वहीं मैथ्यू ब्रीट्जके के की पहली चार वनडे पारियों की बात करें तो उन्होंने अपने वनडे डेब्यू में ही रिकॉर्ड बना दिया था। मैथ्यू ब्रीट्जके ने 10 फरवरी 2025 को न्यूजीलैंड के खिलाफ 150 रनों की तूफानी पारी खेली। इसके बाद अपने दूसरे मैच पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने 83 रनों की पारी खेली थी। वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मैच में 57 और अपने चौथे मैच में उन्होंने 88 रनों की पारी खेली है।

---

मंगाए 6 आवेदन

# बीसीसीआई सलेक्शन कमेटी में नए लोगों की होगी भर्ती

दो पुरुष और चार महिला चयनकर्ता के लिए आवेदन आमंत्रित



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पांच सदस्यीय सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चयन समिति में दो पदों के साथ-साथ महिला पैनल में चार पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए। चयनकर्ता पद के लिए पात्रता मानदंडों में पिछले कुछ वर्षों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। आवेदकों को कम से कम सात टेस्ट मैच या 30 प्रथम श्रेणी मैच खेलने चाहिए। इसके अलावा कम से कम 10 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच और 20 प्रथम श्रेणी मैच खेलने वाले उम्मीदवारों के नाम पर भी विचार किया जा सकता है।

### प्रक्रिया जल्द होगी शुरू

बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, 'चयनकर्ताओं के अनुबंध का हर साल नवीनीकरण किया जाता है। हमने अभी तक यह तय नहीं किया है कि किन चयनकर्ताओं को बदला जाएगा, लेकिन यह प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी।' वर्तमान में पुरुष चयन समिति के अध्यक्ष पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज अजीत अगरकर हैं और इसमें एसएस दास, सुब्रतो बनर्जी, अजय रात्रा और एस शरथ शामिल हैं। इस समिति ने हाल में एशिया कप के लिए टीम का चयन किया था। बोर्ड ने इसके अलावा पुरुष जूनियर क्रिकेट चयन समिति में एक पद को भरने के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए हैं, जो शिविरों, दौरों और टूर्नामेंटों के लिए आयु वर्ग की टीमों (अंडर-22 तक) का चयन करने के लिए जिम्मेदार होते हैं।

### श्यामा को रखा जाएगा समिति में बरकरार

बीसीसीआई ने महिला राष्ट्रीय चयन समिति के चार पदों के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए हैं। वर्तमान चयन समिति में नीतू डेविड (अध्यक्ष), रेणु मार्ग्रेट, आरती वैद्य, कल्पना वेंकटचार और श्यामा डे साव शामिल हैं।

---

### डूरंड कप : चैंपियन को मिलेंगे रिकॉर्ड 1.21 करोड़




**कोलकाता।** डूरंड कप के मौजूदा 134 वें सत्र के चैंपियन को 1.21 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि मिलेगी, जो एशिया के इस सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट के 137 साल के इतिहास में विजेता टीम के लिए सबसे बड़ी राशि है। डूरंड कप आयोजन समिति (डीसीओसी) ने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल की पूर्व संध्या पर इसकी घोषणा की। विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेले जाने वाले फाइनल में गत विजेता नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी का सामना प्रतियोगिता में पदार्पण कर रही डायमंड हार्बर एफ से होगा। डीसीओसी ने इस साल की शुरुआत में पुरस्कार राशि में 250 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की थी। पिछले सत्र में इस टूर्नामेंट की कुल पुरस्कार राशि 1.2 करोड़ रुपए थी। इस साल इस बढ़ाकर रिकॉर्ड तीन करोड़ रुपए कर दी गई है। 23 जुलाई को शुरू हुए टूर्नामेंट में 24 टीमों ने भाग लिया, जिसमें से आठ टीमें नॉकआउट चरण में पहुंची।

---

### भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ की मजबूत वापसी

**ब्रिस्बेन।** मध्यक्रम की बल्लेबाज राघवी बिष्ट ने 93 रन की जुझारू पारी खेली जबकि निचले क्रम की बल्लेबाज वीजे जोशीथा (51) ने अंत में शानदार अर्धशतक जड़ा, जिससे भारत ए ने एकमात्र महिला अनौपचारिक टेस्ट के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पहली पारी में 299 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। इसके बाद भारत ए ने दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ए के 158 रन तक पांच विकेट झटक लिए थे।

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

---

### स्पिनर गौहर सुल्ताना ने क्रिकेट को कहा अलविदा

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम की बाएं हाथ की स्पिनर गौहर सुल्ताना ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया और कहा कि खेल के शीर्ष स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए 'सबसे बड़ा सम्मान' है। इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने 2008 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। सुल्ताना ने भारत की तरफ से 50 एकदिवसीय और 37 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। उन्होंने आखिरी बार अप्रैल 2014 में देश का प्रतिनिधित्व किया था। वह इस बीच हालांकि घरेलू क्रिकेट में खेलती रही तथा उन्होंने 2024 और 2025 में महिला प्रीमियर लीग में यूपी वारियर्स का प्रतिनिधित्व किया था।




मुंबई फिडे क्लासिकल टूर्नामेंट

# अय्यर ने जीता खिताब




**मुंबई।** अरविंद अय्यर ने आठ दौर में सात अंक हासिल कर दर्श शेट्टी को पछाड़ते देते हुए ऑल इंडिया शतरंज मास्टर्स मुंबई फिडे क्लासिकल टूर्नामेंट जीत लिया। हालांकि अय्यर और शेट्टी दोनों ने सात-सात अंक बनाए थे। लेकिन अय्यर ने 'सुपर बुचोल्ज टाई-ब्रेक' में चैंपियनशिप जीत ली। शेट्टी उपविजेता रहे जबकि अंतरराष्ट्रीय मास्टर विक्रमादित्य कुलकर्णी ने 6.5 अंक हासिल करके तीसरा स्थान हासिल किया। विजेता को 40 हजार रुपए का नकद पुरस्कार मिला। महिला वर्ग में महिला कैंडिडेट मास्टर कृति मयूर पटेल को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया जबकि रेया बैंकर और प्रदीपा जयपाल ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं 'वेटरंस' वर्ग में विनोद चतुर्वेदी पहले स्थान पर रहे। उनके बाद गुरु प्रसाद पाटिल और अशोक गोविंदराव पाटिल ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड**
**(सं./सं.) संभाग-बलरामपुर**

क्रमांक/का0यं0ब0/क्रय/सूचना/2797 बलरामपुर, दिनांक 22.08.2025

**विद्युत बंद की सूचना**

बलरामपुर जिले के समस्त सम्माननीय उपभोक्ताओ को सूचित किया जाता है कि दिनांक 23.08.2025 को 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र रामानुजगंज अन्तर्गत रामानुजगंज शहर में ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि एवं 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बलरामपुर में आवश्यक सुधार कार्य किया जाना प्रस्तावित है जिस हेतु निम्नलिखित सूची अनुसार विद्युत प्रवाह बंद रहेगा।

| दिनांक | उपकेन्द्र/फीडर का नाम | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 23.08.2025 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र रामानुजगंज, | सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र रामानुजगंज से निकलने वाली रामानुजगंज टाऊन फीडर क्र. 02 की विद्युत प्रवाह बन्द रहेगी। |
| 23.08.2025 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बलरामपुर | सुबह 10:00 बजे से शाम 2:00 बजे तक | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बलरामपुर से निकलने वाली समस्त फीडर की विद्युत प्रवाह बन्द रहेगी। |

टीप:- आवश्यकतानुसार समय में बदलाव किया जा सकता है।
"विद्युत लाईन के नीचे निर्माण कार्य न करें"

भवदीय
कार्यपालन अभियंता (सं/सं.) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लि., बलरामपुर

संवाद- 45007

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**कमीशनिंग कार्य हेतु निविदा सूचना**

ई-निविदा सूचना संख्या: 746-एमएसडीएसी-कोरबा दिनांक : 13.08.2025.
कार्य : एसईसी रेलवे के बिलासपुर - डिविजन के कोरबा स्टेशन के यार्ड रिमॉडलिंग कार्य (पीआई से ईआई) के लिये एमएसडीएसी, एस्पिरेशन टाइप फायर अलार्म मॉड्यूल एस एंड टी सर्किट के लिये फेरूल आदि का प्रावधान है।
निविदा मूल्य : ₹ 1,96,77,814.20/- (रूपये एक करोड़ छियानबे लाख सतहत्तर हजार आठ सौ चौदह और बीस पैसे मात्र)। अमानत राशि : ₹ 2,48,400/- (रूपये दस लाख चौसठ हजार मात्र), निविदा जमा करने की तिथि तथा समय: 05.09.2025 के 15:00 बजे तक। विस्तृत जानकारी ई निविदा में पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता निर्माण बिलासपुर दपूम रेलवे के कार्यालय में संपर्क करें अथवा निविदा कागजात जो हमारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उससे देख सकते हैं।

उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजी.(निर्माण)
अंबिकापुर/बिलासपुर
सीपीआर/10/एफएल/258 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

**गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) बिलासपुर छ.ग**
**अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी अध्ययन शाला**
**शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए रिक्त सीटों पर बी.टेक. पाठ्यक्रम में प्रवेश**

विज्ञापन संदर्भ संख्या : 677/Academic/2025 दिनांक : 21.08.2025


अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी अध्ययन शाला, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा बी.टेक. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु रिक्त सीटों पर स्पॉट/स्थानीय काउंसलिंग का आयोजन दिनांक 15 सितम्बर 2025 को किया जाएगा। यह प्रवेश दस शाखाओं में उपलब्ध है - केमिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, इंडस्ट्रियल एवं प्रोडक्शन इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं डेटा साइंस तथा वीएफएक्स एवं एनीमेशन।

इच्छुक अभ्यर्थी 22.08.2025 से 07.09.2025 के मध्य ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सीटों की उपलब्धता एवं प्रवेश प्रक्रिया संबंधी विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट http://www.ggu.ac.in/ पर उपलब्ध है।

**कुलसचिव (प्रभारी)**

---

## शब्द पहेली - 5966



**बाएँ से दाएँ**
1. द्वेष, झगड़ा, रार-3
4. बुरकापोश-5
8. गागर, घड़ा-3
9. प्याऊ (उर्दू-3)
10. पैंदा, तला-2
12. बरस, वर्ष-2
13. सतत, लगातार-5
16. मजार, समाधि-4
17. उदारता, बड़प्पन-4
18. वायदा, कसम-2
19. महीना, माह-2
20. हमसफर-4
23. आदेश, आज्ञा-4
25. कहानी लेखक-5
28. गधा, गर्दभ-2
29. श्रवणेंद्रिय-2
31. बारिश, वर्षा-3
33. देवर्षि-3
35. दया करना-3,2
36. चिंतन

**ऊपर से नीचे**
1. कुपुत्र-3
2. अधिकार-2
3. सलाह, राय-4
4. अफसोस, खेद-4
5. शीतकालीन फसल-2
6. दलहन-2
7. ठंडा, सर्द-3
11. जिज्ञासा, उत्साह-3
12. बारिश का मौसम-3
13. धारावाही, अविराम, सीरियल-5
14. रीत, परंपरा-2
15. जीवनसाथी, हमराही-5
21. मोर-3
22. जल, नीर-2
24. पीहर-3
26. गजशाला, हाथी घर-4
27. करतब, करामात-4
28. उपभोग, खर्च-3
30. नेत्र, चक्षु, आंख-3
31. सवारी गाड़ी-2
32. रहन, गिरवी वस्तु-2
34. ताकत, जोर, बल-2

**शब्द पहेली -5965 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5976

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5975 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

# अमेरिका में हर साल मार दिए जाते हैं लाखों आवारा कुत्ते

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों पर शुक्रवार को अहम फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि उन्हें शेल्टर होम में नहीं रखा जाएगा। हालांकि, आक्रामक और हिंसक कुत्तों को नहीं छोड़ा जाएगा और उन्हें अलग जगहों पर रखा जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने अपने पहले के आदेश में संशोधन करते हुए कहा कि जिन आवारा कुत्तों को पकड़ा गया है उनकी नसबंदी की जाएगी, उन्हें एंटी रेबीज टीका लगाया जाएगा। फिर उन कुत्तों को उन्हीं जगहों पर छोड़ा जाएगा, जहां से उन्हें पकड़ा गया है। अब कई लोगों के मन में सवाल है कि आखिर अमेरिका और दुनिया के दूसरों में आवारा कुत्तों के साथ क्या किया जाता है? वहां पर सड़कों पर आवार कुत्ते क्यों नहीं नजर आते हैं?


अमेरिका में आपको सड़कों पर इंसान तो नजर आएंगे, लेकिन कुत्ते और दूसरे जानवर नहीं दिखेंगे। लेकिन करीब 19 वीं सदी में हालात बिल्कुल अलग थे। न्यूयॉर्क की सड़कों पर कुत्ते आपस में लड़ते या लोगों पर हमले करते नजर आते थे। इसी समय न्यूयॉर्क सिटी के प्रशासन ने कई आक्रामक नियम बनाए और फैसला लिया सड़कों पर कुत्तों पर नहीं रहेंगे।

## बीते साल अमेरिका में 6 लाख कुत्तों और बिल्लियों को मार दिया गया

अमेरिका में बीते साल छह लाख से ज्यादा आवारा और बिल्लियों को मार दिया गया। अमेरिका के अलावा कई देशों में यूथेनेशिया चलन में है। यूथेनेशिया का मतलब है कि किसी जानवर को बिना दर्द के मारना। हालांकि, अमेरिकन सोसायटी फॉर प्रिवेंशन ऑफ क्रुएलिटी टू एनिमल्स ने बताया है कि हर साल कुत्तों को मारने की संख्या घट रही है और गोंद लेने की प्रक्रिया बढ़ रही है।

### नदियों में डुबोकर कुत्तों को मारा जाने लगा

इसके सड़कों पर घूमते कुत्तों को रखने के लिए डॉग पाउंड बनाए गए। लेकिन, यह उनका ध्यान रखने के लिए कोई शेल्टर नहीं था, बल्कि उन्हें नदियों में डुबोकर उनको मारा जाने लगा। न्यूयॉर्क से लेकर दूसरों शहरों तक ऐसा किया जाने लगा। अब इसने और भयानक रूप ले लिया। जानवरों को मारकर उनकी चरबी और हड्डियों का कमर्शियल इस्तेमाल किया जाने लगा।



### मॉडर्न शेल्टर बनाई गई

बढ़ती इन घटनाओं के बाद पशुप्रेमी सक्रिय हो गए और अमेरिकन सोसायट फॉर प्रिवेंशन ऑफ क्रुएलिटी टू एनिमल्स ने इसका विरोध शुरू कर दिया। फिर डॉग पाउंड की जगह मॉडर्न शेल्टर बनाने की योजना तैयार की गई। अब हर शहर में एनिमल कंट्रोल डिपार्टमेंट है।

### पालतू जानवरों में लगाई जाती है माइक्रोचिप

यह बताया लगाया जाता है कि वह किसी का पालतू कुत्ता तो नहीं है, जिसके लिए माइक्रोचिपिंग का सिस्टम बनाया गया है। अधिकतर पालतू जानवरों में माइक्रोचिप लगाई जाती है। इससे मालिक पता करने में आसानी होती है और पता चलने पर कुत्तों को लौटा दिया जाता है। अगर कोई आवारा कुत्ता है, तो अडॉप्शन लिस्ट में डाला जाता है। फिर सोशल मीडिया पर कुत्तों को गोद लेने के लिए प्रेरित किया जाता है। कम उम्र के कुत्तों को लोग गोंद ले लेते हैं, लेकिन बूढ़े, बीमार और आक्रामक नस्ल के कुत्तों को कम लोग ही लेना चाहते हैं।

# इस देश में महिला और पुरुष पहनते हैं एक तरह के कपड़े



एंटानानारिवो। दुनिया में हर देश की अपनी एक अलग और खास पहचान है। कई ऐसे देश हैं, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए पूरी दुनिया में जाने जाते हैं। कुछ देश अनोखी संस्कृति और वहां के नागरिकों का रहन-सहन उसे खास बनाती है। इसी तरह का एक देश हैं, जिसका नाम मेडागास्कर है। यह दुनिया चौथा सबसे बड़ा द्वीप है। मेडागास्कर का पूरा नाम रिपब्लिक ऑफ मेडागास्कर है। यह अफ्रीका के दक्षिणी तट के पास इंडियन ओशियन में एक द्वीपीय देश है। इस देश में बसने वाले लोग बोर्नियो द्वीप से आए हैं, जो अब ब्रुनेई, इंडोनेशिया और मलेशिया के बीच विभाजित है।

**रेड आइलैंड के नाम से जाना जाता है :** अनोखे रंग की मिट्टी होने के कारण मेडागास्कर को रेड आइलैंड के तौर पर भी जाना जाता है। यहां ऐसी कई औषधीय पौधों की प्रजातियां हैं, जिसे हर्बल उपचार में इस्तेमाल किया जाता है। प्राकृतिक रूप से धनी होने के बावजूद भी मेडागास्कर अफ्रीका के सबसे गरीब देशों में से एक है। यहां के लोग मालागासी और फ्रेंच भाषाएं बोलते हैं।

### यहां से आए थे लोग

मेडागास्कर का पूरा नाम रिपब्लिक ऑफ मेडागास्कर है। यह अफ्रीका के दक्षिणी तट के पास इंडियन ओशियन में एक द्वीपीय देश है। इस देश में बसने वाले लोग बोर्नियो द्वीप से आए हैं, जो अब ब्रुनेई, इंडोनेशिया और मलेशिया के बीच विभाजित है।

### देश के नागरिकों का पोशाक

आप यह जानकर हैरान रह जाएंगे कि मेडागास्कर में बच्चे हों या बूढ़े या फिर महिला हो या पुरुष सभी लोग एक तरह के कपड़े पहनते हैं। इस पोशाक को स्थानीय भाषा में 'लाम्बा' कहा जाता है। सबसे खास बात यह है कि यहां पर मृत व्यक्ति के लिए भी कफन के तौर पर लाम्बा का ही इस्तेमाल किया जाता है।

### 75 प्रतिशत जातियां हैं स्थानीय

मेडागास्कर की करीब 75 प्रतिशत जातियां स्थानीय हैं, यानी वो यहां के अलावा दुनिया में कहीं और नहीं पाई जाती हैं। इस द्वीप पर कई अजीब जीव जंतु भी पाए जाते हैं, जिनमें टेनरेक्स (कांटों वाला चूहा), चमकीले रंगों वाले गिरगिट शामिल हैं। हालांकि, यहां के कई जीव-जंतु अब विलुप्त होने की कगार पर हैं।

# लद्दाख के ग्लेशियरों पर मंडरा रहा है संकट! पिघल रही हैं बर्फीली चोटियां

नई दिल्ली। लद्दाख के ग्लेशियर का संरक्षण बहुत ही जरूरी हो चुका है, अगर इसका बचाव नहीं किया गया तो जम्मू-कश्मीर में भी भारी संकट पैदा हो सकता है। लद्दाख बहुत ही सुंदर जगह है और यहां पर बर्फ से ढकें ग्लेशियर सैलानियों को बहुत लुभाते हैं। हिमालय की बर्फीली चोटियां पिघल रही है ऐसे में ये जरूरी हो जाता है कि सरकार को कुछ बड़ा कदम उठाना चाहिए। आज हम आपको उन कारणों के बारे में बताएंगे जिनकी वजह से लद्दाख का ग्लेशियर पिघल रहा है।

### लगातार बढ़ता हुआ पर्यटन

लद्दाख में लगातार पर्यटन बढ़ रहा है और तो और पिछले 3-4 सालों में सैलानियों के आने में काफी ज्यादा उछाल आया है। घाटी में भी नए होटल और होमस्टे को बना दिया गया है। यहां पर आए हुए पर्यटक नेटिव लोगों से काफी ज्यादा पानी खर्च करते हैं, जिसकी वजह से भूजल भी प्रभावित होता है। पहले होटलों और होमस्टे में एयर कंडीशनर भी नहीं होते थे, लेकिन जब तापमान बढ़ रहा है तो इसकी मांग भी बढ़ेगी और यह वातावरण को बिगाड़ने में भी अहम भूमिका निभाएगा।



### ग्लोबल वार्मिंग

ग्लोबल वार्मिंग के कारण लद्दाख में ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। तापमान भी इतना बढ़ने लगा है कि ऐसा पहले कभी देखा भी नहीं गया होगा। ग्लेशियर पिघलने की वजह से सिंचाई भी नहीं हो पाती है और पानी बेकार हो जाता है। ग्लेशियर के पिघलने की वजह से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और इससे ही खेती और पीने के पानी की भी कमी बढ़ रही है।

### क्या होंगे नुकसान और भविष्य के संकट

लगातार ग्लेशियरों के पिघलने से भूजल भी कम होता जा रहा है और गांवों में पानी की कमी भी होती जा रही है। खेती भी ग्लेशियरों के पानी पर निर्भर पर निर्भर करती है और कई बार तो इसकी वजह से फसलें खराब हो जाती हैं। ग्लेशियरों का पिघलने के कारण इंडस बेसिन भी प्रभावित हो रही है।

# बच्ची की मौत पर हाईकोर्ट ने कलेक्टर से मांगा शपथ पत्र

बिलासपुर। स्कूल परिसर में डीजे के साथ रखे लोहे के पाइप गिरने से एक मासूम बच्ची की मौत पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका के रूप में सुनवाई की। कलेक्टर को अगली सुनवाई से पूर्व एक व्यक्तिगत शपथपत्र देने का निर्देश दिया है। इसमें घटना के संबंध में उठाए गए कदमों, संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी और दोषी पाए गए लोगों के खिलाफ की गई कार्रवाई का स्पष्ट रूप से उल्लेख होगा। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डीबी ने कहा कि सुनवाई के बाद हलफनामे में यह भी बताया जाएगा कि क्या मृतक बच्ची के परिवार को कोई मुआवजा दिया गया है, और यदि नहीं, तो वर्तमान में वह मुआवजा किस स्तर पर है, साथ ही ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं।

तीन साल की बच्ची मुस्कान पर तालापारा बिलासपुर स्थित स्कूल परिसर में अवैध रूप से रखे गए डीजे उपकरणों के साथ एक लोहे का पाइप उसके ऊपर गिर गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट लग गई, उसे पहले जिला अस्पताल ले जाया गया और बाद में सिम्स रेफर कर दिया गया, जहाँ इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सात दिन बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर संबंधित डीजे संचालक के खिलाफ दंडात्मक प्रावधानों के तहत एफआईआर दर्ज की गई।सुनवाई में राज्य के वकील ने दलील दी कि यह दुर्घटना इसलिए हुई क्योंकि परिसर के अंदर डीजे उपकरण एक कर्मचारी के रिश्तेदार द्वारा रखे गए थे।ऐसा अनुचित कार्य दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना का निकटतम कारण बना। जिसके परिणामस्वरूप बच्ची की मृत्यु हो गई, और इसके बाद संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध उचित आपराधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## पृथ्वी की उम्र जितनी पुरानी है ये पत्थर वैज्ञानिकों ने खोला ब्रह्मांड का चौंकाने वाला रहस्य!


**सिडनी।** धरती के उम्र और पृथ्वी की शुरुवात को समझने के लिए वैज्ञानिकों ने एक बहुत बड़ी खोज की है। हैडियन ईऑन के रिसर्च के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया में पहाड़ी इलाके से एक बेहद छोटे जिरकोन क्रिस्टल का खोज हुआ है, जिसने यह साबित कर दिया है कि हमारी पृथ्वी का निर्माण करीब 4.4 अरब साल पहले ही हो गया था।

# करोड़ों का ठेका रद्द किए जाने और सुरक्षा निधि जब्त करने के खिलाफ दायर याचिका खारिज

## पत्रकार हत्याकांड मामले के आरोपी ठेकेदार सुरेश चंद्राकर को हाईकोर्ट से झटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में चर्चित पत्रकार हत्याकांड मामले में आरोपी रहे ठेकेदार सुरेश चंद्राकर को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सड़क निर्माण का करोड़ों का ठेका रद्द किए जाने और सुरक्षा निधि जब्त करने के खिलाफ दायर उसकी याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश रमेश कुमार सिन्हा और उनकी डिवीजन बेंच ने सुनवाई के दौरान साफ किया कि यह मामला कॉन्ट्रैक्ट से जुड़ा विवाद है और अनुबंध की धारा 28 के अनुसार इसका निपटारा आर्बिट्रेशन प्रक्रिया से होगा। अदालत ने कहा कि इस स्तर पर सीधे हस्तक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं है। सुरेश चंद्राकर ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से याचिका लगाते हुए कहा था कि ठेका रद्द करना, 37 लाख रुपए की सुरक्षा निधि जब्त करना और 10 प्रतिशत जुर्माना लगाना अनुचित है। इसके अलावा उसने 2.58 करोड़ रुपए के अधूरे सड़क निर्माण कार्य को पूरा करने की अनुमति



की मांग भी की थी। ध्यान रहे कि यह ठेका नेलसनार–फोडोली–मिरतुर–गंगलूर रोड निर्माण कार्य से जुड़ा हुआ था, जो लंबे समय से विवादों में रहा है। अदालत ने याचिका खारिज करते हुए याचिकाकर्ता को यह छूट दी है कि वह अनुबंध के तहत उपलब्ध उपायों या अन्य वैधानिक रास्तों का सहारा ले सकता है। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद अब ठेकेदार को अपने दावे को साबित करने और राहत पाने के लिए आर्बिट्रेशन या अन्य कानूनी प्रक्रिया का सहारा लेना होगा।

## दो करोड़ गबन के आरोपी बैंक मैनेजर को नहीं मिली जमानत

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने इंडियन बैंक के पूर्व शाखा प्रबंधक की जमानत याचिका खारिज कर दी है। आरोप है कि उसने मुद्रा योजना के खातों से करोड़ों रुपए का गबन किया था। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि आरोपी एक शाखा प्रबंधक था, इसलिए उसे सार्वजनिक धन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उसके खिलाफ प्रथम दृष्टया धोखाधड़ी और गबन के पर्याप्त साक्ष्य हैं, जो स्पष्ट तौर पर बेईमानी का इरादा दर्शाते हैं। मामला रायपुर के दोंदेखुर्द स्थित इंडियन बैंक शाखा का है। यहां पश्चिम बंगाल निवासी नियोजित विश्वास शाखा प्रबंधक के तौर पर पदस्थ था। जांच में सामने आया कि उसने ग्राहकों के खातों से लगभग 1 करोड़ 93 लाख 81 हजार रुपए निकाल लिए। गड़बड़ी उजागर होने के बाद बैंक के वर्तमान प्रबंधक ने विधानसभा थाने में शिकायत की। इसके बाद 4 नवंबर 2023 को एफआईआर दर्ज हुई। तब तक कुल गबन की रकम 2 करोड़ 13 लाख 71 हजार 637 रुपए पाई गई। बताया गया कि आरोपी ने दबाव बढ़ने पर करीब 19 लाख 90 हजार रुपए अलग-अलग स्व-सहायता समूहों के खातों में वापस भी कर दिए। फरवरी 2025 में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा। जेल में बंद रहते हुए नियोजित विश्वास ने हाईकोर्ट में जमानत की अर्जी लगाई थी।

### जानबूझकर मुद्रा योजना की सीमा बढ़ाई

याचिका में कहा गया कि उसे इस मामले में झूठा फंसाया गया है और उसने खाताधारकों की जमा राशि का दुरुपयोग नहीं किया। उसने यह भी दलील दी कि बैंक ने कोर्ट में जो चार्ट पेश किया उसमें लेन-देन को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया गया और वास्तविक खाता विवरण अब तक नहीं दिया गया। वहीं बैंक की ओर से वकील सलीम काजी ने जमानत का कड़ा विरोध किया। उन्होंने बताया कि आरोपी ने जानबूझकर मुद्रा योजना की सीमा ग्राहकों की सहमति के बिना 1 लाख से बढ़ाकर 6 लाख रुपए कर दी और खातों में रकम डाल दी। इसी प्रक्रिया से उसने बड़ी हेराफेरी की।

## डीडीनगर में युवक पर चाकू से किया हमला

रायपुर। डीडीनगर थाने में एक युवक ने दो अज्ञात युवकों के खिलाफ घूरने के विवाद पर चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजेश कुमार मिश्रा ने अज्ञात युवकों के खिलाफ चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। राजेश ने पुलिस को बताया कि वह अपने दो अन्य दोस्तों के साथ डगनिया तालाब के पास बैठा था। इस दौरान दो स्कूटी सवार अज्ञात युवक उनके पास पहुंचे और घूरने की बात को लेकर विवाद करने लगा। एक युवक ने राजेश पर हमला कर दिया। चाकू मारने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए।




# जमीन अधिग्रहण में अतिरिक्त मुआवजा, हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच वाली जनहित याचिका खारिज की

बिलासपुर। रायगढ़ जिला में बजरमुड़ा गांव की जमीन के अधिग्रहण में अतिरिक्त मुआवजा घोटाले की जांच की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। याचिका में अधिग्रहण में कथित 2300 करोड़ रुपए के अतिरिक्त मुआवजा घोटाले की जांच की मांग की गई थी। याचिका में सीबीआई-ईडी से जांच, मामले में एफआईआर दर्ज करने और 300 करोड़ की वसूली की मांग की गई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता की इस मामले में सीधी व्यक्तिगत रुचि है और यह वास्तविक जनहित याचिका नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कोर्ट ने कहा कि पीआइएल का उद्देश्य केवल सार्वजनिक हित होना चाहिए, न कि निजी लाभ या प्रसिद्धि के लिए। साथ ही अदालत ने याचिका खारिज करते हुए याचिकाकर्ता की सुरक्षा राशि भी जब्त करने का आदेश दिया है। याचिकाकर्ता दुर्गेश शर्मा ने कोर्ट में याचिका दायर की थी कि पूरे मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच सीबीआई से कराई जाए। दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्रामीणों के खिलाफ एफआईआ दर्ज कर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई हो। इसके साथ ही जिन लोगों को अवैध 300 करोड़ रुपए से अधिक का मुआवजा मिला है, उनकी संपत्ति जब्त कर राशि की वसूली की जाए। साथ ही राजस्व विभाग, कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, सीएसपीजीसीएल के प्रबंध निदेशक सहित कई अधिकारियों की भूमिका की जांच की जानी चाहिए। राज्य सरकार और अन्य पक्षों ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि, यह याचिका वास्तविक जनहित याचिका व्यक्तिगत रुचि वाला मामला है।

### वास्तविक प्रभावित पक्षों को मिली छूट

मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति बीडी गुरु की खंडपीठ ने कहा कि, पीआइएल का उद्देश्य केवल वास्तविक जनहित होना चाहिए। व्यक्तिगत लाभ, प्रसिद्धि या निजी उद्देश्य दिखता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट ने कहा कि दुर्गेश शर्मा की सीधी और व्यक्तिगत भागीदारी इस विवाद में दिख रही है। इसलिए यह याचिका जनहित नहीं बल्कि व्यक्तिगत हित की है। हाई कोर्ट ने याचिका को गैर-गंभीर और व्यक्तिगत उद्देश्य वाली मानते हुए खारिज कर दिया। साथ ही, याचिकाकर्ता द्वारा जमा की गई सुरक्षा राशि जब्त करने का आदेश दिया। हालांकि, कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि यदि वास्तविक प्रभावित पक्ष चाहें तो वे कानून के तहत उचित मंच पर अपनी शिकायत ले जा सकते हैं।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com